तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024

11 किसानों से प्रति कट्टा 1.5 किग्रा अधिक धान की खरीदी की जा रही



11 वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में पाटन कॉलेज का शानदार प्रदर्शन





# बीएसपी अफसर की शिक्षिका बेटी ने ड्राइवर से किया ब्याह, थाने में जमकर मारपीट

### लव मैरिज को लेकर महिला थाने में हुई दोनों पक्षों में मारपीट, सेक्टर 6 स्थित महिला थाने की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लव मैरिज को लेकर सोमवार रात जमकर बवाल मचने का मामला सामने आया है। घटना सेक्टर 6 स्थित भिलाई नगर थाने की है। युवक और युवती पक्षों के बीच थाना परिसर में ही जमकर मारपीट हुई। मायके वालों ने युवती के ससुर का सिर फोड़ दिया। फिलहाल दोनों पक्षों ने थाने में लिखित में शिकायत किया है।मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी अधिकारी स्वतंत्र ताम्रकार की बेटी शैवी ताम्रकार ने 6 नवंबर को रायपुर निवासी आशुतोष देशपांडेय से लव मैरिज कर ली। जिस स्कूल में शैवी पढ़ाती थी। उसी स्कूल में आशुतोष वाहन चालक है। शैवी ताम्रकार जब घर से गई तो परिजनों ने पुलिस थाने में लापता की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस युवती की तलाश कर ही रही थी कि तभी युवती और युवक नेवई थाने पहुंचे। दोनों के बालिग होने और दोनों की मर्जी से रायपुर के आर्य समाज मंदिर में शादी करने की बात बताई। थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने दोनों के बयान लेने के बाद जाने को कह दिया। युवती के पिता ने मामले की शिकायत थाने में की थी। दोनों युवक युवती को महिला थाने बयान के लिए बुलाया गया था। युवती अपने पति, ससुर और रायपुर की दो महिला अधिवक्ता के साथ बयान दर्ज कराने पहुंची थी। सेक्टर 6 स्थित महिला थाने में युवती के माता-पिता, मामा और अन्य लोग भी पहुचे। महिला थाने में दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस के बाद मारपीट हुई। विवाद के समय पुलिस अफसर भी मौजूद थे। नवविवाहिता शैवी का आरोप है कि वो अपने ससुर और पति के साथ बयान दर्ज कराने पहुची थी लेकिन उसके मामा, पापा और मां भी आए। गला पकड़कर उसे मारने लगे। उन लोगों ने उसके ससुर से भी मारपीट किया है। घटना में उनका सिर फट गया। घटना के समय महिला थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक भी मौजूद थी। लेकिन घटना को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं कती गई है।

#### पिता ने कहा-बेटी को किया गुमराह

शैवी के पिता स्वतंत्र ताम्रकार का कहना है कि उनकी बेटी एक अच्छे घर से पढ़ी लिखी। वो एक वाहन चालक से क्यों शादी करेगी। उनकी बेटी को युवक और स्कूल की प्रबंधन ने गुमराह कर शादी के लिए राजी किया है। उस पर इतना दबाव बना रहे हैं कि वह अपने ही माता-पिता के खिलाफ मारपीट करने जैसा गलत बयान दे रही है। उन्होंने एएसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की है।





#### दोनों पक्षों ने की है शिकायत

दोनों पक्षों ने लिखित में शिकायत किया है। जांच के बाद ही कार्रवाई किया जाएगा। विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। वीडियों के आधार पर जांच किया जाएगा।
-सत्य प्रकाश तिवारी
सीएसपी भिलाई नगर

---

## खबर संक्षेप

### लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार



**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से एक आरोपी फरार है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पावर हाउस निवासी कृष्णा देवांगन 17नवम्बर की दोपहर निरोस कंपनी हथखोज से 14 चक्का में माल लोड कर मारूति पेट्रोल पंप उमदा डीजल भरवाने निकला था। राम धरमकांटा के पास पीछे से बाइक सीजी 07 सी के 2609 सवार तीन युवक ट्रक के सामने बाइक को अडा दिया। रास्ता रोक कर जबरन हाथ मुक्के से मारपीट की। जेब में रखे 5 हजार रूपये लूटकर फरार हो गए। पतासाजी के दौरान पुलिस को पता पता चला कि युवक गौतम नगर, गली नं. 6 खुर्सीपार निवासी कुलदीप उर्फ मुन्ना चौहान, भिलाई तीन वासुदेव यादव, मनीष राजपूत पीडित के साथ मारपीट कर लूट के फरार हुए थे। आरोपी को पकड़ने के लिए टीआई महेश कुमार ध्रुव व उनकी टीम जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप चौहान,वासुदेव यादव उमदा के ठाकुर होटल के पास मिले। दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस थाने लाई। पूछताछ में आरोपी ने लूट की वारदात को अंजाम देने स्वीकार किया। कुलदीप चौहान उर्फ मुन्ना के कब्जे से बाइक ,नगदी 500 रूपये,वासुदेव यादव से 500 रूपये, चुड़ा जप्त कर कार्रवाई की गई। फरार आरोपी मनीष राजपूत की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### आठ जुआरी गिरफ्तार

**भिलाई।** जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1260 रुपए नगद और ताश पत्ती जब्त किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रिसाली भाठा कर्मा भवन के पास कुछ युवकों द्वारा हारजीत का दांव लगा रहे थे। मौके पर पहुची पुलिस ने दबिश देकर रिसाली निवासी महेश कुमार, मुकेश, श्याम , राजेन्द्र , बिटेश ,मनोज ,नरबहादुर, अनिल कुमार को पकड़ा गया है।

---

### समस्या : विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से उपभोक्ता हैं परेशान

# सुरक्षा निधि के नाम पर किसी का बिजली बिल 71 हजार तो किसी का 44 हजार

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

सुरक्षा निधि के नाम पर इस महीने उपभोक्ताओं को मनमाना बिजली बिल दिया गया है। विद्युत वितरण कंपंनी की मनमानी ऐसी चली है कि किसी का बिजली बिल 71 हजार तो किसी को 44 हजार का बिल थमा दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल हर महीने 1000 रुपए तक आता था उन्हे 3 हजार से ज्यादा का भुगतान करना पड़ेगा। हैरत की बात यह है कि यह बिल अक्टूबर महीने का है जिसे नवंबर में पटाने के लिए उपभोक्ताओं को वितरित किया गया है। यानी वित्तीय वर्ष मार्च का महीना भी नहीं है।




#### इन उदाहरणों से समझिए विभागीय मनमानी

**केस वन**
तेनसिंह साहू पुरई निवासी है। छोटे किसान साहू को विद्युत वितरण शाखा उतई ने 71 हजार रुपए का बिल थमाया है। इतनी बड़ी राशि का बिल से पूरा परिवार मानसिक परेशानी से गुजर रहा है।

**केस दो**
पुरई निवासी हीरा साहू को 44 हजार का बिजली बिल पटाना पड़ेगा। उतई विद्युत वितरण कंपनी ने इस उपभोक्ता को इतना ज्यादा बिल दिया है कि उसे उधारी लेकर यह बिल चुका सकेगा।

**केस तीन**
चैतराम देवांगन पुरई के उपभोक्ता हैं। देवांगन एक छोटे किसान हैं। विद्युत वितरण शाखा उतई ने नवंबर में बिजली बिल 42 हजार रुपए भेजा है।

नोट- ये बिजली बिल के उदाहरण मात्र हैं। ऐसे हर उपभोक्ता को इस महीने जो बिल मिला है वह दुगुना है। ऐसे सैकड़ों उपभोक्ता है जिन्हे बेहिसाब बिल थमाया गया है।

#### बिजली विभाग का काट रहे हैं उपभोक्ता चक्कर

शहरी क्षेत्र हो यह फिर ग्रामीण क्षेत्र। मनमाना बिजली बिल के सुधार को लेकर उपभोक्ता अपने-अपने क्षेत्र के विद्युत वितरण शाखाओं का चक्कर काट रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसे ज्यादा बिल न मिला हो। उन्होने बताया कि महीने में कभी 1000 रुपए से लेकर 1800 रुपए तक बिल आता है। गर्मी के सीजन में बिल 1800 रुपए से लेकर 2500 रुपए तक आता रहा है लेकिन ठंड के सीजन में इस तरह का बिल आना समझ से परे है। जब बिल लेकर सुधार करने के लिए जा रहे हैं तो उन्हे यह कहा जा रहा है कि किश्तों में बिल भुगतान कर दीजीए। लेकिन सुधार नहीं कर रहे हैं। इधर शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता बताते है कि सुरक्षा निधि के नाम पर बेतहाशा बिजली बिल भेजा गया है।

#### सबसे ज्यादा शिकायत ग्रामीण क्षेत्र में

मनमाना बिजली बिल की शिकायत सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र की है। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे उपभोक्ता भी है जिन्हे 10 हजार से ज्यादा का बिल मिला है। ऐसे कई लोग है जो रोजमर्रा के खाने कमाने वाले लोग है। उनकी हैसियत ही नहीं है कि इतना बिजली खपत कर सके। उसके बावजूद बिजली विभाग ने सुरक्षा निधि के नाम पर हजारों रुपए का बिल भेजा है। ग्रामीणों को टेक्नीकल कोई समझ नहीं है जिसकी वजह से मनमाना बिल थमा दिया गया है।

#### समायोजन कर लेंगे

इन दिनों स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। जिनके यहां ये मीटर लगे हैं उनके यहां पहले बिल रीडिंग नहीं हो पाई थी। अब रीडिंग हुआ होगा तो बिल एक साथ होने और सुरक्षा निधि जोड़ने की वजह से ज्यादा आ सकती है। इसे विभाग समायोजित कर लेगा। संबंधित शाखाओं में उपभोक्ता जाएं। वहां के अधिकारी को हिदायत दे देंगे।
-एम. जामुलकर, ईई, विद्युत वितरण कंपंनी

#### अतिरिक्त सुरक्षा निधि वसूली पर ये बड़े सवाल

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के बिजली बिल रीडिंग का कार्य ठेके पर दे रखा है। अतिरिक्त सुरक्षा निधि के रूप में भारी- भरकम राशि ली है। विभागीय अधिकारियों का कहना कि यह राशि मुख्य सुरक्षा निधि की राशि मे जुड़ जाएगी। इसे लेकर कई सवाल उपभोक्ताओं के हैं।

- स्मार्ट मीटर के प्रचलन में आते ही पहले पैसा उसके बाद बिजली वाली प्री-पेड व्यवस्था शुरू हो जाएगी। जिस तरह टेलीकॉम कंपनियों ने 30 दिन के माह को 28 दिन का बना दिया है तो क्या फिर बिजली विभाग द्वारा भी 28 दिन में गणना की जाएगी।
- ऐसे में फिर बिजली विभाग द्वारा जारी टैरिफ और स्लैब का पालन कैसे होगा। टेलीकॉम कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं से कोई सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। जबकि बिजली विभाग घरेलू उपभोक्ता का दो माह का बिजली का बिल हमेशा अपने पास जमा रखता है और पोस्ट .पेड पद्धति पर आधारित कुल यूनिट की गणना कर स्लैब अनुसार हर माह बिजली का बिल उपभोक्ताओं को भेजता है। बड़ा सवाल यह है कि सुरक्षा निधि की जमा राशि का क्या होगा।
- सुरक्षा निधि और इसी महीने ली गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि का समायोजन बिजली विभाग किस तरह करेगा। जिन गरीब उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट फोन की सुविधा नहीं है उनके स्मार्ट मीटर को चार्ज किस तरह किया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक चल रही बिजली बिल हाफ योजना का निर्धारण किस तरह होगा।

---

### स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

# पुरैना में फैला टाइफाइड 12 लोगों की जांच में पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम की लापरवाही से पुरैना वार्ड 38 में टाइफाइड फैल गया है। यहां 12 लोगों में टाइफाइड की पुष्टि हुई है और इससे ज्यादा लोगों को इस तरह की शिकायतें हैं। ऐसे लोगों का ब्लड सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। माना जा रहा है कि इलाके में कई जगह गंदे पानी का जमाव है और इसकी वजह से नल का पानी दूषित हो सकता है। सरकारी स्कूल के पीछे गंदे पानी का जमाव है। फूड पॉइजनिंग पहलू पर भी जांच की जा रही है।

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिए सेंपल

स्वास्थ्य विभाग की टीम पुरैना पहुंचकर यहां लोगों के ब्लड सेंपल कलेक्ट किए हैं और जांच के लिए लैब भेजा है। इसके अलावा रिसाली पीएचई विभाग ने पानी के सेंपल जांच करने लिए हैं। लोगों ने बताया कि यहां कई जगह गंदा पानी एकत्र हो गया है। साफ-सफाई नहीं हो पाती। नल पाइप लाइन लिकेज की संभावना है। बोर भी प्रभावित हो सकता है। बुखार के मरीज लगातार बढ़ रहे है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि बीमारी की मुख्य वजह क्या है।

#### ये लोग प्रभावित

गौतम सोलंकी, मकसुद अहमद, प्रिती बिनिया, कमल यादव, परमानन्द तांडी, घनश्याम, आयुष, डी पोलम्मा,चुन्नी बाई,एस डी प्रसाद, बैदी और नंदकिशोर सुना।

वार्ड पार्षद पार्वती महानंद ने बताया कि वार्ड के कई लोग टाइफाइड की समस्या से जूझ रहे है। 12 लोगों में टाइफाइड बीमारी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कई लोग बीमार है। लोगों का उपचार और जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया है। विभागीय टीम को घर-घर जाकर सर्वे करने के लिए भी हमने कहा है। वार्डवासियों को जागरूक भी कर रहे है।

#### महापौर ने लिया जायजा



सूचना पर महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी मंगलवार को पुरैना वार्ड 38 का भ्रमण किया। उन्होंने जल भराव की स्थिति को देखा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मच्छर का प्रकोप भी बढ़ा है। टाइफाइड की शिकायत आ रही है। निचली बस्ती और बस्ती के गंदा पानी के जमावड़े वाले क्षेत्रों का भ्रमण भी की। उन्होंने पानी की जांच समेत ऐसे स्थानों की साफ सफाई के निर्देश दिए जहा गंदा पानी जमा हो रहा है। इस दौरान एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद पार्वती महानंद आदि उपस्थित थे। वही निगम की ओर से प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अमित चंद्राकर उपस्थित थे।

---

## हत्या: फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



माह भर पहले हत्या के मामले में फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 (1), 109 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 26 अक्टूबर को परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोबू दोस्त के साथ मोबाइल दुकान जा रहा था। इस दौरान शांति नगर दुर्ग निवासी विकास उर्फ पिंटू मिला, परमेश्वर को देख गाली गलौज करने लगा। इसे लेकर विकास के पास युवक पहुचे। विकास ने सवाल जवाब की बात को लेकर परमेश्वर के पेट में चाकू घोंप दिया। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन परमेश्वर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने विकास उर्फ पिंटू क्षत्रिय को एमपी से गिरफ्तार कर लाया गया। आरोपी की बाइक सीजी 07 सीयू 9262 को जब्त किया गया है।

## फूल तोड़ने निकली महिला से चेनस्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घर से भोर में फूल तोड़ने निकली महिला के साथ चेनस्नेचिंग की वारदात होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

घटना मंगलवार की भोर 5 बजे की है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जोन 1 वार्ड 42 एवेन्यू बी खुर्सीपार निवासी डी दलम्मा 54 वर्ष की महिला सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने के लिए घर से निकली थी। अचानक महिला के सामने एक बाइक में दो नकाबपोश युवक पहुचे। महिला के पास बाइक रोक उसे धक्का देकर गिरा दिया। फिर बाइक में पीछे बैठा युवक उतरा और महिला का मुंह दबाकर गला दबाने का प्रयास किया। महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीना दोनों युवक मौके से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग पहुचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।



- सीसीटीवी कैमरे के कैद हुए आरोपी,बिना नंबर की थी बाइक

चेन स्नेचिंग की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कैमरे में आरोपी दिखाई दे रहे हैं। आरोपी बिना नंबर की बाइक से आए थे। पीछे बैठा युवक लाल रंग की अटैच कैप वाली वूडी पहने था। वहीं बाइक चलाने वाला युवक काले रंग का स्वेटर जैसा पहना हुआ था। पुलिस सीसीटीवी से मिले फुटेज देखने के बाद आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज ने बताया कि आरोपी की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

---

### लीज निष्पादन का पालन नहीं करने पर निगम ने किया था नवीनीकरण निरस्त

# मधु मेमोरियल प्रकरण में हाईकोर्ट ने निगम के हित में दिया स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाईकोर्ट ने मधु मेमोरियल अस्पताल मामले में भिलाई निगम के हित में फैसला दिया है। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के समय में मधु मेमोरियल अस्पताल बनाने के लिए लगभग 10 एकड़ भूखण्ड सस्ते दर पर अस्पताल बनाने के लिए आबंटित किया गया था। जिसका लीज निष्पादन 28 फरवरी 1994 को हुआ था। अनुबंध की शर्त थी कि 20 प्रतिशत अस्पताल की सुविधा गरीबों के लिए आरक्षित किया जाना था। 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी मधु मेमोरियल द्वारा अनुबंध में निहीत उददेश्यों का प्रतिपूर्ति नहीं किया गया।

#### इसलिए नवीनीकरण किया था निरस्त

संस्था द्वारा आबंटित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं करने पर उक्त स्थल को 30 वर्ष का लीज नवीनीकरण के लिए निगम में आवेदन दिया। उनके प्रकरण को तत्कालीन आयुक्त रोहित व्यास द्वारा पूर्व में हुए अनुबंध के कंडिकाओं का परिपालन नहीं करने के कारण लीज नवीनीकरण निरस्त कर दिया था। इसके साथ ही नगर निगम भिलाई द्वारा संस्था को पूर्व में कम दर पर जमा राशि वापस करने हेतु मधु मेमोरियल को पत्र भी दिया था। इससे असहमति व्यक्त करते हुए मधु मेमोरियल द्वारा उच्चतम न्यायालय बिलासपुर में वाद दायर किया। जिसमें मधु मेमोरियल के पक्ष में फैसला हुआ। निगम भिलाई द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध पुनः सुनवाई हेतु डबल बेंच में सुनवाई हेतु प्रकरण छ.ग. उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया। डबल बेंच के द्वारा निर्णय 23 अप्रैल.2024 डब्लू ए नम्बर 200/2024 पारित किया गया था। जो मधु मेमोरियल के पक्ष में था। पारित निर्णय के विरूद्ध नगर निगम भिलाई द्वारा निर्धारित अवधि में अपना पक्ष रखते हुए उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हेतु याचिका दायर की।




#### नए आयुक्त की पहल आई काम

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पदभार ग्रहण करते ही उनके समक्ष संबंधित प्रकरण की उपयोगिता के बारे में बताया गया। आयुक्त ने इस पर पहल करते हुए उच्चतम न्यायालय के पैनल एवं नियुक्त वरिष्ठ अधिकवक्ता से चर्चा कर निगम की स्थिति से अवगत कराया। साथ में यह भी बताया कि यह प्रकरण भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें निगम का पक्ष गंभीरता से रखा जाए। मधु मेमोरियल अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में निगम के अधिवक्ताजनों ने न्यायालय में निगम का पक्ष रखें।उच्चतम न्यायालय ने प्रकरण की महत्वता एवं गंभीरता को समझते हुए उक्त प्रकरण में निगम के हित में यथा स्थिति बनाए रखने के लिए स्टे प्रदान किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### सड़क किनारे निर्माण सामग्री डाली तो होगी जब्ती की कार्रवाई

दुर्ग। कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा सफाई कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट लेने शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया। मंगलवार सुबह नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सफाई कार्यों का जायजा लेने के लिए एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया एवं कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए । उन्होंने रायपुर नाका जीरो वेस्ट सेंटर में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लेते हुए सफाई व्यवस्थित करने कहा। कमिश्नर ने कसारीडीह समेत सभी वार्डो में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था और आमजन से स्वच्छता बनाए रखने और आस-पास सीएनडी वेस्ट हटाने के निर्देश दिए। वहीं सुपरवाइजरों से कमचारियों की हाजिरी निष्ठा चेक कर कहा कि सुबह 6.30 बजे सभी को काम में लगाए ओर 2 बजे सेकंड हाजिरी ले उसमें गलत पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी।उन्होंने निगम क्षेत्र के जोन क्षेत्र का दौरा किया और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी चेक की। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से कहा कि निर्माण कार्य से उत्सर्जित होने वाला मलवा ना केवल शहर की सुंदरता को ही धूमिल कर रहा है, बल्कि इससे बढ़ने वाला प्रदूषण शहर निवासियों के स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। सीएंडडी वेस्ट के लिए कहा सड़क किनारे या नाली के ऊपर पर बिल्डिंग मटेरियल न रखें, ताकि शहर वासियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण



दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग मंडल के अधीक्षण अभियंता संजीव ब्रिजपुरिया ने जल जीवन मिशन के तहत मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के कार्यों का जायजा लिया और एजेंसी को कार्य को तेजी से करते हुए तकनीकी गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता श्री ब्रिजपुरिया ने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों को नल कनेक्शन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलकर काम करना होगा। मोतीमपुर समूह जल प्रदाय योजना से क्षेत्र के कई गांवों को लाभ मिलेगा।

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आज

दुर्ग। जिला पंचायत के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा की बैठक बीस नवंबर दोपहर एक बजे रखी गई है। इस दौरान आरईएस, पीएचई विभाग, पीएम और सीएम सडक योजना व पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### आपरेटर को काम पर रखने आश्वासन



दुर्ग। जिला चिकित्सालय में जीवन दीप समिति की बैठक के दौरान विगत दिनों समय पर अस्पताल नही पहुंचने के मामले में बर्खास्त किए गए डाटा एंट्री आपरेटरों को वापस काम पर रखने का कलेक्टर ने आश्वासन दिया है। अस्पताल में कार्यरत स्मिता तिवारी एवीएन, दुर्गा प्रस्तुति जो डेटा एंट्री ऑपरेटर पर कार्यवाही की गई थी। बहुदेशी कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता प्रांत अध्यक्ष वीएस राव ने कलेक्टर से उन्हें वापस रखने की मांग की, इस दौरान कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया।

# आधार सेंटर संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में आधार सेंटर संचालक पिछले दो दिनों से अनिश्चितकालीन हडताल पर चले गए हैं। उनके हडताल पर जाने से सरकारी विभागों के कार्य ठप हो गए हैं। ऐन धान खरीदी के बीच उनके हडताल पर जाने से किसान भी परेशान है और आधार कार्ड बनाने और सुधारने की प्रक्रिया भी पूरी तरह से ठप हो गई हैं।

जानकारी अनुसार जिले में आधार कार्ड बनाने और सुधारने के लिए सरकारी सेंटर ही एक विकल्प है। निजी स्थानों पर आधार सेंटर नही है। ऐसे में लोगों को परेशान होना पड रहा हैं। क्योकि आधार कार्ड के बगैर सरकारी योजनाओं के कार्य व लाभ लेने में फरियादी को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिले में संचालित सैकडों सेंटर में ताले लगे है। किसानों का कहना हैं कि, धान बेचने आधार कार्ड अनिवार्य हैं। उन्हें परेशानी हो रही हैं। जिला कार्यालय के पीछे संचालित सेंटर में भी दो दिन से ताले लटक रहे हैं। प्रशासन द्वारा कोई दूसरा विकल्प तैयार नही किए जाने से आम लोग परेशान हैं।

## आधार सेंटर में लगे ताले, फरियादियों का नहीं हो रहा सरकारी कार्य

### शासकीय जगह का विरोध

आधार सेंटर संचालको का कहना हैं कि, उन्हे शासकीय के बजाय निजी स्थानों का भी विकल्प दिया जाए। वर्तमान में आधार सेंटर खोलने के लिए सिर्फ शासकीय स्थान अधिकृत किए गए है, वहीं सेंटर में उपयोग होने वाले मशीन की खरीदी भी संचालक करते है। जिसके एवज में कहना है कि, मशीन में उन्हें शासन उपलब्ध कराए। इन तमाम मांगों को लेकर आधार संचालक दो दिनों से हडताल पर चले गए है। जिसके चलते सरकारी कार्य ठप हो गए हैं।



### प्रदेशभर के दो हजार संचालक हड़ताल पर

जानकारी अनुसार प्रदेशभर में दो हजार आधार संचालक हडताल पर है। जबकि आधार का सीधा कार्य सरकारी योजनाओं से जुडा हुआ हैं। दुर्ग मालवीय नगर के राजेश साहू ने बताया कि, च्वाइस सेंटर संचालक आधार सेंटर नाम सुधारने भेज रहे हैं। जबकि वहां ताला लगा है। इसी तरह विकास सोनी ने बताया कि, आधार में पता बदलना है, जिसके लिए निजी सेंटर में नही हो पाने की बात कही जा रही है। इस तरह आधार सेंटर बंद होने से चौतरफा असर देखा जा रहा हैं। इस मामले में चिप्स मैनेजर श्रुति अग्रवाल से संपर्क किया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

## मनमानी : बारह स्कूलों का मरम्मत करने 80 लाख रुपए किए थे जारी

# मरम्मत वाले स्कूलों में पानी का फौव्वारा, एक को बना दिया दो रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत ठेकेदारों ने इस कदर घटिया निर्माण को अंजाम दिया है किए भवन से बारिश का पानी फौव्वारे की तरह बह रहा है। दो कक्षा बनाने के प्रस्ताव को नजरअंदाज कर ठेकेदार ने एक ही कमरे को दो अतिरिक्त रूम बता दिया हैं। स्कूलों में शौचालय तक नही बनाया गया है। राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने ऐसे घटिया निर्माण की फेहरिस्त कलेक्टर को सौंप दी है। लेकिन अब तक मामले में कलेक्टर द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई हैं।

यह जांच जुलाई माह में कराया गया था। किए गए जांच में डेढ दर्जन से अधिक स्कूलों में घटिया निर्माण की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में पाया गया किए दुर्ग के शा प्रा शाला बिरेझर में शौचालय कार्य अधूरा हैए छत से सीपेज हो रहा हैं। शासकीय पूर्व मा शाला जेवरा में दो कक्षा बनाने के बजाय एक कक्षा को दो भागों में ही बांट दिया हैं। शा पूर्व मा शा अंजोरा ख में दो अतिरिक्त कक्ष बनाने गए हैए यहां बारिश का पानी फौव्वारे की तरह बह रहा हैं। शा पूर्व मा शाला शिवाजी नगर खुर्सीपारा में नए दीवार में दरारे मिले व रैंप सही नही बनाया गया हैं। मिडिल स्कूल मुक्तिधाम भिलाई में छत से सीपेजए मिडिल धमधा के गोरपा में छत से सीपेजए मिडिल स्कूल रहटदाह में टाईल्स सही नही लगाना और ढौरकला में सीपेज सहित प्राथमिक और मिडिल स्कूल जाताघर्राए मिडिल स्कूल पेंड्रीए सोनेसरार में भी यही स्थिति हैं। बहरहाल आरईएस ने ही दर्जनभर स्कूलों की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी है। वही शेष स्कूल नगरनिगम दुर्ग के द्वारा बनाए गए है। यहां भी व्यापक पैमाने पर गडबडी मिली है।

## जांच के बाद घटिया निर्माण की पुष्टि, नोटिस बाद कार्रवाई नहीं

### जिले के 780 स्कूलों में मरम्मत

राज्य में भाजपा की सरकार ने मुख्यमंत्री जतन योजना में किए गए कार्यों की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत सीईओए आरईएस के ईई और जिला शिक्षा अधिकारी की टीम बनाई गई थी। राज्य शासन द्वारा पिछले वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। राज्य शासन के निर्देश पर बकायदा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा करीब 780 स्कूलों के लिए 47 करोड रूपए खर्च करने की स्वीकृति भी दे दी गई।



### नगरनिगम दुर्ग ने नहीं दिए रिपोर्ट

जांच टीम की माने तो नगरनिगम दुर्ग के अधिकारी जांच में सहयोग नही कर रहे है। जांच अधिकारियों को स्कूलों की जानकारी उपलब्ध नही कराई जा रही है। जिसके चलते आरईएस द्वारा जांच कर दिया गया है। लेकिन नगरनिगम दुर्ग शहर के स्कूलों की जांच नही हो पाई हैं। यहां यह जानना जरूरी है किए नगरनिगम द्वारा बगैर टेंडर के काम बांट दिया गया था। अनुभवहीन ठेकेदारों द्वारा मरम्मत करने के बजाय लाखों रूपए पानी में बहा दिए है। यही कारण है किए निगम को पोल खुलने की डर हैं।

### फिलहाल ठेकेदारों पर कार्यवाही नहीं

तीन सदस्यीय टीम के अधिकारियों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को जांच रिपोर्ट सौंप दिया है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक कार्यवाही नही की गई हैं। खबर है किए अभी भी आधा दर्जन स्कूलों की रिपोर्ट नही आई हैं। राज्य शासन द्वारा स्कूलों की मरम्मत के लिए लाखों रूपए जारी किए थेए लेकिन इसके बाद भी स्कूलों की स्थिति जस के तस है। जिम्मेदार अफसरों ने निर्माण के दौरान निरीक्षण तक नही किया। यही कारण है कि घटिया निर्माण के बाद ठेकेदारों को नोटिस जारी करना पडा हैं।

# विधायक के निर्देश के बाद भी पुल में नहीं रूका कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुलगांव पुल में अवैध कब्जा का मामला सामने आने के बाद विधायक गजेन्द्र यादव ने निगम आयुक्त, जल संसाधन, राजस्व विभाग के अधिकारियों को सूचित किया था। लेकिन इसके बाद भी किसी भी अधिकारी ने मौके पर कब्जा का कार्य नही रूकवाया है। जिला प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते ही पुल में कब्जे की दीवार खडी हो रही है और प्रशासन तमाशबीन बना हुआ हैं।

- जिला प्रशासन कब्जे को दे रहा मौन स्वीकृति

उल्लेखनीय हैं कि, पुलगांव पुल में अवैध कब्जे के मामले सामने आने के बाद निगम के अधिकारियों ने सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी। नोटिस के बाद भी कब्जाधारी द्वारा लगातार निर्माण किया जा रहा हैं। नगरनिगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान का कहना है कि, काम रूका गया था। इधर राजस्व के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी मौन साध लिया है। इस कब्जे को लेकर आम लोगों में प्रशासन के खिलाफ बेहद नाराजगी सामने आ रही है। कब्जा को लेकर सोशल मिडिया में भी लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। इस मामले को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से शिकायत हो चुकी है। उनसे संपर्क किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया। वही विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा है कि, कब्जा को रूकवाने निगम अधिकारी और राजस्व के अफसरों को निर्देश दिए गए थे।

# जिले के 23 शिक्षकों को मिला विनोबा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत 23 शिक्षकों को सम्मानित किया। जिसमें धमधा ब्लॉक के 11, पाटन ब्लॉक के 07 और दुर्ग ब्लॉक के 05 शिक्षक शामिल है। जिले के विभिन्न स्कूलों के 10 शिक्षकों को माह सितम्बर और अक्टूबर के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ और बोलेगा बचपन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- 10 नवाचारी, 6 उत्कृष्ट और 7 संकुल समन्वयक पुरस्कृत

साथ ही उत्कृष्ट दुर्ग कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की माह सितम्बर में आयोजित मासिक परीक्षा मे उत्कृष्ट परिणाम देने वाले 6 विद्यालय के प्राचार्यों को एवं माह अगस्त से अक्टूबर तक जिस क्लस्टर के विद्यालयों ने सक्रिय



सहभागिता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन संकुलों के 7 संकुल समन्वयकों को सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप के माध्यम से हर महीने जिले के नवाचारी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ और विभिन्न कौशल संवर्धन पहल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा बोलेगा बचपन, टॉप 3 क्लस्टर और उत्कृष्ट दुर्ग कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया जाता है। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में ओपन लिंक्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक प्राची तुमसरे और जिले के अनेक शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एनआईसी बेपरवाह : न एप दे रहा साथ न बायोमैट्रिक मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी के बीच किसानों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। धान खरीदी के लिए इस बार आनलाइन टोकन को प्राथमिकता दी गई हैं। लेकिन किसान तुंहर द्वार एप नही खुलने से किसान टोकन नही कटा पा रहे है। वही कई सोसायटियों में बायोमैट्रिक मशीन ही थंब नही ले रहा हैं। जिसके चलते प्रक्रिया आगे नही बढ पा रही हैं।

- तकनीकि समस्या से जूझ रहे किसान

जिले में सभी उपार्जन केन्द्रों में इस तरह की समस्या बनी हुई है। सोसायटी प्रबंधक जिला प्रशासन और जिला प्रशासन राज्य स्तर के एनआईसी की खामियां बता रहे है। कुल मिलाकर किसान इस अव्यवस्था से परेशान है। धान खरीदी के पहले ही दिन से इस तरह की स्थिति निर्मित हैं। सोसासटी प्रबंधको ने बताया कि, पिछले साल बायोमैट्रिक से प्रक्रिया पूरी नही होने पर आफलाइन का भी आप्शन था, लेकिन इस बार थंब अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में किसानों को सुबह से देर शाम मशक्कत करनी पड रही है। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, जिलेभर के सोसायटी में इस तरह की समस्या बनी हुई है। जिससे किसान अनावश्यक परेशान हो रहे हैं।



### तीन दिन में 4749 ने बेचा धान

जिले में चौदह नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के तीसरे दिन तक सिर्फ 4749 किसानों ने ही 21117 टन धान बेचे हैं। तीन दिन में 48 करोड 71 लाख की खरीदी की गई है, जबकि लिकिंग में किसानों से 15 करोड 72 लाख रूपए कर्ज वसूला गया हैं। मार्कफेड द्वारा खरीदी के लिए 33 करोड 81 लाख जारी किया गया था, लेकिन तीन दिन में इससे ज्यादा 48 करोड 71 लाख की खरीदी कर ली गई है। वही आनलाइन भुगतान 32 करोड 29 लाख रूपए किया गया हैं।

# धान खरीदी के पंजीयन का तीस तक करें सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

टीएम की बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी के पंजीकृत रकबे का सत्यापन अगामी तीस नवंबर तक करने निर्देश दिए है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने धान खरीदी में अनियमितता पाये जाने पर प्रकरण अनिवार्य रूप से तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही खाद्य अधिकारी से खरीफ विपणन 2024-25 में धान उर्पाजन केन्द्रों में बफर लिमिट निर्धारण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विभागों में लंबित पेंशन प्रकरण को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान पशु संगणना की भी जानकारी ली। जिले में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग को मिले लक्ष्य पूर्ति हेतु उप संचालक कृषि को कृषकों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

- टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त कर पुनः सर्वे करने कहा। साथ ही वृद्धावस्थ्या पेंशन के सभी हितग्राहियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार सेवानिवृत्ति पश्चात लंबित पेंशन प्रकरण के निराकरण पर भी अधिकारी विशेष ध्यान देवे। स्कूल जतन योजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रगतिरत निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों में केन्द्र के खुलने का निर्धारित समय चस्पा करने को कहा, ताकि आम जनता को परेशानी न हो। कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के वेब एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त शिकायत, सारथी-ई पोर्टल और पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही शीघ्र प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए।

## जैन समाज का सामूहिक विवाह व कन्या विवाह हेतु प्रयास व जागरुकता

# सादगीपूर्ण विवाह के लिए जारी की गाइड लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ जैन युवा प्रकोष्ठ को सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देते हुए जैन संवेदना ट्रस्ट रायपुर के संयोजक विजय चोपड़ा ने कहा कि आज हम अपनी संस्कृति को भूलकर, मर्यादा से परे पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण करते हुए शादी समारोह का आयोजन करते हैं, जिसमें लाखों रुपए का अर्थहीन अपव्यय होता है। देखा देखी के दौर में हजारों परिवार न चाहते हुए भी अंधानुकरण के शिकार होकर कर्ज तले दब जाते हैं। यह स्थिति लगभग आज सभी जगहों पर देखने में आता है।



- जैन संवेदना ट्रस्ट में लिया गया निर्णय

### फिजूलखर्ची रोकने कवायद

जैन समाज के वर्तमान परिवेश में इन दिनों विवाह समारोह में हो रही अत्यधिक खर्च व फिजूलखर्ची को रोकने के लिए जैन संवेदना ट्रस्ट ने जैन समाज के लिये आडम्बर रहित विवाह उत्सव की गाईड लाईन तैयार की है जिसे सकल जैन समाज ने स्वीकार किया है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि समाज के मध्यम वर्ग को शादियों में होने वाले अत्यधिक खर्च को बचाने के लिए एवं उन्हें कर्ज रहित जीवन यापन के उद्देश्य से सादगीपूर्ण विवाह उत्सव गाईड लाईन बनाई गई है ।

### ये है गाइड लाइन

गाईड लाईन के तहत केवल एक दिन में विवाह की सारी रश्में यथा माया स्थापना, हाथकाम, बीरा मायरा, पलड़ा, संघपूजा, नकासी, पाणिग्रहण, स्वागत समारोह व बिदाई आदि सम्पन्न करना है । सादगीपूर्ण जैन विवाह के अंतर्गत स्वरूची भोज में पानी सहित अधिकतम 35 व्यंजन रखे जा सकेंगे। रात्रि में रिशेप्सन निषेध होगा । मेहंदी व लेडीज संगीत के कार्यक्रम घरेलू माहौल में सम्पन्न होंगे व इस हेतु इवेन्ट वाले नहीं रखे जा सकेंगे । विवाह में वर व वधु पक्ष के मेहमानों की संख्या सीमित की गई है दोनों ओर से सौ सौ रिश्तेदार भाग ले सकते हैं । बारातियों की संख्या सीमित की गई है व बैठा ब्याह को प्रोत्साहित करने, प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध, विवाह पूर्व होने वाले बन्दोले भी नहीं करने, दूल्हे की बन्दोली दिन में निकाली जावेगी जिसमें बैंड बाजे वालों की संख्या सीमित की गई है तथा डी जे बैन किया गया है । थांबा व बारातियों को दिया जाने वाला उपहार प्रतिबंधित किया गया है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि इस सादगीपूर्ण विवाह गाईड लाईन को सकल जैन समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है ।

### वर्तमान में रायपुर शहर में है लागू, किया जाएगा संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विस्तारित

वर्तमान में इसे रायपुर शहर में लागू किया गया है। शीघ्र ही इसे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में विस्तारित किया जावेगा। इस हेतु छत्तीसगढ़ स्तरीय जैन समाज सम्मेलन की रूपरेखा तय की जा रही है। यह सम्मेलन जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा उव्वसग्गहरम तीर्थ नगपुरा में किया जाना प्रस्तावित है। सादगीपूर्ण जैन विवाह के लिये जैन संवेदना ट्रस्ट के मार्गदर्शक व कार्यकर्ता जैन समाज में जागरूकता अभियान चलाकर संकल्प पत्र भराया जा रहा है । साथ ही ग्यारह जोड़ों के सादगीपूर्ण विवाह आयोजित करने संस्था प्रयासरत है । इस हेतु जोन आधारित टीम का गठन किया गया है ।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया अस्पताल में रक्तदान




दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद मठ मंदिर अर्चक पुरोहित प्रांत प्रमुख निलेश शर्मा एवं बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा एवं विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अनिल गुर्जर के मार्गदर्शन में सेवा सुरक्षा संस्कार को लेकर हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में आज वीर वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर 21 यूनिट रक्तदान किया गया। रानी लक्ष्मी बाई जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभाग से रामलोचन राकेश तिवारी, रामेश्वरी साहू, लक्ष्मी निषाद, शशि बँछोर, प्रीति तिवारी, रुखमणि वैष्णव, सौरभ देवांगन, खेमलाल सेन, टिक्कू निषाद, सुनील वैष्णव, बलदाऊ साहू, नरसिंग सिन्हा, आशुतोष तिवारी, नीतेश यादव, किशन साहू, रोहित तांडेकर कमलेश मालापुरे लिलेश सिन्हा प्रकाश बिंद आदि उपस्थित रहे।

# किसानों की मेहनत पर कटवा वार, धान की बाली टूटकर गिर रही खेतों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धान उत्पादन के अंतिम स्टेज पर किसान इन दिनों कटवा बीमारी से परेशान है। ऐसे धान जिसकी बाली हरा है। लेकिन कटाई नही हुई है। उन किसानों के फसल पर कटवा वार जारी है। किसानों का कहना है कि, कटवा बीमार से धान की बाली खेत में गिर जा रही है। जिसके कारण नुकसान का सामना करना पडेगा। जिले में एक लाख तीस हजार हेक्टेयर पर किसानों ने धान का फसल लिया था। वर्तमान में चालीस फीसदी कटाई हुई है। लेकिन धमधा, पाटन और दुर्ग के ग्रामीण इलाको में किसान परेशान है। नगपुरा के किसानों ने बताया कि, नदी किनारे अभी फसल कटे नही है, धान की बाली हरी है। लेकिन कटवा की बीमारी से वे परेशान है। इसके पहले माहौ का भी प्रकोप रहा हैं। धान फसलों के बुआई व रोपाई के बाद तना छेदक, माहू, शीट ब्लाइट सहित अन्य बीमारियों का प्रकोप देखा गया था। अब जब कि अधिकांश किश्म की फसलें पक कर तैयार हो चुकी है। ऐसे में कटवार्म ( कटवा) कीट का प्रकोप धान के फसलों पर लगने की जानकारी सामने आ रही है। कटवार्म कीट धान के पौधे और बालियों को कांट कर नीचे गिरा रहे हैं। कटवार्म कीट के प्रकोप से धान के फसलों को 40 से 50 प्रतिशत नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में फसल बर्बाद हो रही और अन्नदाताओं की चिंता बढ़ गई है। कटवा कीट प्रकोप होने से किसान को अपनी फसल की चिंता सता रही है। धान की फसल में कटुआ कीड़े से लग जाने से किसान चिंतित दिख रहे है। किसान यसवंत साहू ने बताया कि दो दिन पहले फसल अच्छी थी। अचानक फसल में कटवा कीट प्रकोप होने से फसल को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि कीट पौधे के नीचे व बाली को कांट रहे हैं।

### दिन में दरारों में छिप कर रात में करते हैं हमला

घुमका नगपुरा के किसान रामलाल साहू ने कहा कि, इस बार धान की फसल अच्छी हुई है। कटवा कीट के प्रकोप से फसल बर्बाद हो रही है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कटवा कीट दिन के समय में पत्तों के नीचे या जड़ों के आसपास की दरारों में छिपा रहता है और रात होने पर तनाव और पत्ते को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसी क्रम में यह तने के ऊपरी भाग को जब काटता है। तो बालिया भी कट करके खेतों में गिर जाती है। जिससे बालियों का बहुत ज्यादा नुकसान होता है। कीड़ों के छिपने की जगह को खत्म करना जरूरी है इसके नियंत्रण के लिए अगर संभव हो तो खेतों में हल्की सिंचाई कर दें। जिससे कि एक कीड़े खेतों की दरार में या जो जड़ों के पास छिपते हैं। वहीं जगह खत्म हो जाए। अगर खेत में कहीं कहीं कूड़ा कचरा है। घास का ढेर है तो उसको भी खेत में से हटा दें। क्योंकि यह सब उसके छिपने की जगह है। यहां तक कि मेढ़ पर भी अगर बहुत सारी सुखी घास है उसे भी हटा दें। क्योंकि यह सारी इसके छिपने की जगह है और यहां पर ऐसे भी हैं और अंडे भी देते हैं।

### किसानों की मेहनत पर फिर रहा पानी, कटाई के समय बढ़ी परेशानी



### किसानों को दे रहे इस तरह का समाधान

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इसके नियंत्रण के लिए 250 मिली क्वीनालफॉस का 150 लीटर पानी के साथ घोल बनाकर शाम के समय छिडक़ाव करें या मेलाथियान 50 ईसी 200 मिली प्रति हेक्टर 120 लीटर पानी में मिलाकर छिडक़ाव करें। खेतों में अधिक नमी के साथ ही जिन क्षेत्रों में यूरिया का अर्थात नत्रजन का ज्यादा प्रयोग किया गया है। वहां पर इसका प्रकोप ज्यादा उग्र देखा जा रहा है । आगे से यह सलाह होगी कि अपने धान के खेतों में यूरिया का नियंत्रित प्रयोग करें। साथ ही अगर संभव हो तो खेतों में नीम की खली निश्चित रूप से खेत की तैयारी के समय में डालें। इनसे इस प्रकार की कीड़ों के पनपने का अवसर नहीं मिलेगा। इसके साथ खेत के आसपास में जो घास काट करके छोड़ देते है। इससे भी बचना होगा। खेतों में सफाई करना अच्छी चीज है। लेकिन सफाई के बाद जो भी कूड़ा कचरा निकलता है। धान की कटवा कीट यानी एग्रोस्टिस इप्सिलोन यह एक पतंगा है। यह भूरे रंग का होता है इसकी लम्बाई 40 से 50 मिमी होती है तथा 6 से 7 मिमी चौड़ा होता है, रात के समय यह पौधे एवं पत्तियों को काटकर खाता है।

## खबर संक्षेप



### मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु जयंती

**भिलाई।** भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती भव्य तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर जायसवाल समाज कल्याण समिति द्वारा बाबा दीप सिंह नगर स्थित समिति भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना, चना एवं भोजन प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करना और भगवान सहस्त्रबाहु की शिक्षाओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना था। आयोजन ने समाज में नई ऊर्जा और एकता का संचार किया। सभी सदस्यों ने समाज की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के महेश जायसवाल, बैकुंठ जायसवाल, शिकारी लाल जायसवाल, ब्रह्मानंद जायसवाल, अभय जायसवाल, दीपक जायसवाल, सुनील जायसवाल, मृत्युंजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, प्रकाश जायसवाल, अनु जायसवाल, राजू जायसवाल, लक्ष्मी देवी जायसवाल, गायत्री देवी जायसवाल, रामादेवी जायसवाल, गिरिजा देवी जायसवाल समेत समेत समाज के लोग मौजूद थे।

### बीएसपी का सेलूद में चिकित्सा शिविर




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्त्व विभाग के माध्यम से आम-जनता तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने के लिए स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और जिला चिकित्सालय दुर्ग के तत्वाधान में ग्राम सेलूद में निःशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। बीएसपी से डां. एम सरस्वती, बीपी शुगर जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट श्री गौर, पंजीयन के लिए मंजूर अली तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डां. जितेश सोनी, सीमा देशमुख, पद्मिनी कोसले, नेहा चंद्राकर, खुशबू साहू एवं सीएसआर विभाग से श्री बुधेलाल उपस्थित थे। इस शिविर में महिला, पुरूष व बच्चे सहित कुल 123 लोगों की जांच कर, उन्हें दवाई का वितरण किया गया।

### अधूरा वेतन समझौता पूर्ण करने और 39 माह के एरियर्स भुगतान की मांग

# सीएलसी के हड़तालियों का तबादला रद्द करने से कर्मियों का बढ़ा हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय के फैसले से अब लंबित अधूरे वेतन समझौता के पूर्ण होने और एरियर्स की लंबित समस्या के जल्द निदान की उम्मीद बंधी है। मांगों को लेकर एनजेसीएस यूनियनों ने सेल प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। वेतन समझौता के अब तक पूर्ण नहीं होने से कर्मियों को हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों द्वारा 28 अक्टूबर को सेलव्यापी हड़ताल की गई थी। सेल के अन्य संयंत्रों के साथ संयुक्त यूनियन के बैनर तले भिलाई इस्पात संयंत्र में भी इस हड़ताल को सफलता मिली थी। वहीं बर्नपुर इस्पात संयंत्र हड़ताल के शतप्रतिशत सफल होने और उत्पादन ठप होने पर प्रबंधन ने कर्मचारियों सहित दर्जनभर यूनियन नेताओं का तबादला और निलंबन कर दिया था। यूनियनों ने इसका विरोध करते हुए मुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय से न्याय की अपील की थी। सीएलसी ने हफ्तेभर पहले सभी कर्मियों के स्तानांतरण और निलंबन को रद्द करने का आदेश दिया है। संयुक्त यूनियन के मुताबिक तबादला रद्द होना यानी हड़ताल को अवैधानिक नहीं माना गया है। इससे कर्मचारियों को उच्च प्रबंधन से अब अधूरे वेतन समझौता पूर्ण करने, 39 महीने के लंबित एरियर्स के भुगतान, बोनस फार्मूला में बदलाव और एलाउंस आदि मांगों के जल्द पूर्ण होने की उम्मीद बंधी है।

**बीएसपी सहित पूरे सेल में 28 अक्टूबर को हुई थी हड़ताल**



### सेल प्रबंधन पर दबाव की रणनीति

सेल की यूनिट बर्नपुर संयंत्र में हड़ताली कर्मियों और यूनियन नेताओं के स्थानांतरण और निलंबन रद्द किए जाने के कदम से यूनियनों का हौसला बढ़ा हुआ है। उन्होंने सेल प्रबंधन से जल्द कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करने की मांग की है। इसके लिए दबाव बढ़ाने की रणनीति तैयार की जा रही है। इंटक भिलाई के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि सीएलसी के कदम से स्पष्ट हो गया है कि हड़ताल अवैधानिक नहीं थी और हमारी मांगों भी जायज हैं। सभी मुद्दों का जल्द निदान किये जाने की मांग की गई है। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा।

### किया था चरणबद्ध आंदोलन

एनजेसीएस यूनियनों द्वारा 1 अक्टूबर को एनजेसीएस बोनस बैठक में प्रबंधन के एकतरफा बोनस राशि कर्मियों के खाते में डाले जाने के विरोध में दो अक्टूबर को चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया था। इसके तहत पांच अक्टूबर को सेलव्यापी प्रदर्शन और फिर 8 अक्टूबर को धरना दिया गया था। इसके बाद भी सभी अपूर्ण वेतन समझौता पूर्ण करने सहित अन्य सभी मांगें पूर्ण नहीं किए जाने पर 28 अक्टूबर को बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में हड़ताल की गई थी। संयुक्त यूनियन ने हड़ताल के सफल होने का दावा किया था।

# स्तनपान व कामकाजी माताओं की चुनौतियों को करें दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के कर्मचारियों को स्तनपान के प्रति जागरुक करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल के पीडियाट्रिक्स और न्यूटोलॉजी विभाग द्वारा सेल संयंत्रों से आए प्रतिभागियों के लिए चार दिवसीय विशेष "हैंड्स-ऑन स्किल ट्रेनिंग वर्कशॉप " का आयोजन किया गया। सरकार के मातृत्व पूर्ण स्नेह कार्यक्रम के सिद्धांतों पर आधारित यह कार्यक्रम 21 नवंबर तक बीएमडीसी और सेक्टर 9 स्थित जेएलएनएचआरसी में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यशाला में विभिन्न सेल प्लांट्स से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें इस्पात जनरल चिकित्सालय (आईजीएच) राउरकेला, बोकारो जनरल अस्पताल, दुर्गापुर मुख्य अस्पताल और इस्को अस्पताल, बर्नपुर के प्रतिनिधि और सेक्टर नौ अस्पताल के प्रसूति/स्त्री रोग और शिशु रोग विशेषज्ञ, वरिष्ठ सलाहकार, पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और नर्स भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय बीपीएनआई प्रशिक्षकों डॉ. ओमेश खुराना, डॉ. संगीता रानी, डॉ. बीबी गुप्ता और सपना ठाकुर ने वैज्ञानिक सत्रों में स्वास्थ्य पेशेवरों को स्तनपान समर्थन उपकरणों और नवजात शिशु देखभाल के सर्वोत्तम अभ्यासों पर जानकारी दी। कार्यशाला का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्रनाथ एम. ने कामकाजी माताओं की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए स्तनपान के बारे में सहायक वातावरण, स्वायत्तता और साक्ष्य-आधारित जानकारी की आवश्यकता पर जोर दिया। डां. विनीता द्विवेदी, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर और डां. सौरव मुखर्जी ने संबोधित किया। विशेष अतिथि, महाप्रबंधक शिवराजन नायर और महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव थे।

### पोषण देखभाल शिशु का जन्मसिद्ध अधिकार

आयोजन सचिव, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष (बाल रोग एवं नवजात विज्ञान विभाग) डॉ. संबिता पांडा ने कहा कि सुरक्षा, गुणवत्ता और पोषण देखभाल प्रत्येक नवजात शिशु का जन्मसिद्ध अधिकार है। तकनीकी कार्यक्रम समन्वयक, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. माला चौधरी ने राष्ट्रीय बीपीएनआई टीम के साथ डॉ. रविंद्रनाथ एम., डॉ. एन एस ठाकुर, डॉ. एस के साहा, डॉ. मीता सचदेव, डॉ. संजीबनी पटेल, डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. कौशिक किशोर, डॉ. सीमा वर्मा, डॉ. सुभास्मिता पटनायक, डॉ. रुचिका ताम्रकार और डॉ. आनंद मोहन विश्वकर्मा का योगदान रहा।

■ सेल संयंत्रों के स्वास्थ्य से जुड़े कार्मिकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला

# ओपन एयर थिएटर गंदगी से पटा, कैसे हो कार्यक्रम



**भिलाई।** टाउनशिप के बीचोंबीच स्थित ओपन एयर थिएटर स्टेज की उपेक्षा की कीमत कलाकारों के साथ विभिन्न संगठनों को भी चुकानी पड़ रही है। मंच के टूटफूट और अस्वच्छता के कारण आयोजनों को लेकर सभी को परेशानी हो रही है। इस मामले में बीएसपी उदासीन बना हुआ है। कलाकारों ने थिएटर के संधारण की मांग की है। सिविक सेंटर मार्केट से लगा बीएसपी का ओपन एयर थिएटर पिछले कई साल से उपेक्षित है। पचास साल पुराना यह सांस्कृतिक मंच अपनी डिजाइन, लोकेशन और विभिन्न आयोजनों को लेकर चर्चित रहा है। ओपन एयर थिएटर मंच मरम्मत मांग रहा है। मंच का शेड जर्जर होने के साथ कचरे से पटा है। मेकअप रुम में भी गंदगी से सराबोर है। स्टील की बेंचों की दर्शक दीर्घा परिसर में गाजर घास आदि बरसाती खरपतावार फैले हुए हैं। चौपाटी के जूठन का गंदा पानी भी नाली में बह रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ओपन एयर थिएटर में बीएसपी के आर्केस्ट्रा, अभा कवि सम्मेलन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न संगठनों के आयोजन भी होते थे । कई पूर्व पीएम सहित बड़े नेताओं की चुनावी सभाएं भी होती थी। अब स्टेज का संधारण नहीं कराए जाने से सांस्कृतिक संगठनों को असुविधा हो रही है।

■ कलाकारों ने की सफाई और संधारण की मांग

# सीजीबी प्लांट स्थापना और सोलर प्लांट स्थापित करने एमआईसी में प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई निगम महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रमुख रूप से 3 बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में सत्त योजना के तहत नगरीय निकास ठोस अपशिष्ट, अन्य बायोमास से कम्प्रेस्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि स्थानांतरण बाबत समिति के सामने विचारार्थ रखा गया था।

शासन के आदेश के अनुसार सीबीडीए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट एजेंसी राज्य में नोडल एजेंसी है। जिसके माध्यम से सीबीजी प्लांट की स्थापना किया जाना है। इस प्रस्ताव पूर्व में सलाहकार समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया था। अनुबंध के बाद पुनः सलाहकार समिति के माध्यम से महापौर परिषद ने प्रस्तुत करने को कहा। निगम क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार में डबल वाल्व सिस्टम लगाने के लिए समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया। जिसे महापौर परिषद ने विशेष पर चर्चा करने के बाद पुनः निविदा आमंत्रित करने को कहा। तृतीय विषय नगर पालिक निगम भिलाई कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किये जाने बाबत था। जिसमें 100 किलो वाट एवं 50 किलो वाट क्षमता के आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना का कार्य तीन स्थलों पर स्थापित करने के लिए प्रांकल्लन तैयार कर लाया गया था। जिसे महापौर परिषद द्वारा सलाहकार समिति के माध्यम से पुनः प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्यो द्वारा अन्य जन उपयोगी विषयों को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के समक्ष विचारार्थ रखे, जिस पर आयुक्त ने यथासंभव निराकरण करने की बात कही गई। महापौर परिषद के बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, नेहा साहू, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।

■ भिलाई निगम एमआईसी की हुई बैठक

# आयुक्त राजीव ने किया उद्यानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को जानकारी मिली थी कि नगर पालिक निगम भिलाई में लगभग 150 उद्यान है। जहां पर स्थानीय निवासी रोज सुबह एवं शाम टहलने, बैठने, व्यायाम करने उद्यानों में आते है। उनके साथ ही उद्यानों में बच्चे भी खेलने आते रहते है। निगम आयुक्त उद्यानों की साफ-सफाई व्यवस्था देखने के लिए जी.ई.रोड स्थित नेहरू नगर जीम, योग, खेल एवं राशि उद्यान पहुंचे। वहां की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किये। उद्यानों की साफाई कर रहे कर्मचारियों से बात किये। यह देखने में आता है, कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निगम के उद्यानों में लगे फैसिंग, तारो एवं ग्रील को तोड़ देते है। वहां से आने-जाने का रास्ता बना दिया जाता है। कुछ ग्रीलों को चोरी कर ले जाते है। इसके लिए आयुक्त ने निर्देशित किया की जहां भी ऐसी घटना होती है। वहां का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन लेकर पंचनामा तैयार कर एफआईआर दर्ज कराया जाए। पुलिस प्रशासन द्वारा तपसीस की जाएगी और संबंधितों को इसकी सजा दी जाएगी।

आयुक्त पाण्डेय, नेहा साहू अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यान की विभाग ने उद्यानों में आन-जाने वाले लोगों से अपील कि इस प्रकार के असामाजिक तत्वों को देखे तो मना करें। यह संपत्ति हम सबकी है, सबको इसका देख-रेख वैसा ही करना है जैसा अपने घर की संपत्ति का करते हैं। नगर निगम भिलाई का सफाई मित्र रोज सुबह प्रत्येक घर के दरवाजे पर जाता है और आवाजें लगता है। घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को लेकर आता है।

# 'नो एंट्री' में ट्रक की एंट्री पर आईजी रामगोपाल ने दी चेतावनी

**भिलाई।** ट्रैफिक में जागरुकता लाने के लिए नो एंट्री में ट्रक के एंट्री को लेकर आईजी राम गोपाल गर्ग ने बैठक लेकर चेतावनी दी है। बैठक में एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी ट्रैफिक सुश्री रिचा मिश्रा मौजूद थे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना था। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी चार्ट का पालन सुनिश्चित करने एवं अपने ड्यूटी क्षेत्र में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने की बात आईजी गर्ग ने कही है। उपलब्ध उपकरणों के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया है। श्री गर्ग ने बैठक में कहा कि यातायात जागरूकता अभियान अधिक से अधिक और भी चलाने की बात कही एवं अनधिकृत और मॉडिफाइड वाहनों, तेज गति से चलने वाले वाहनों,स्टंट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, खराब वाहनों को मार्ग से हटाने और ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। आगामी वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में ट्रैफिक की बेहतर व्यवस्था करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है। इस दौरान होने वाले आयोजनों में ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर विशेष तैयारी करने की आवश्यकता बताई गई। ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को पूर्ण ईमानदारी के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए है।












हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02




छंद के छ परिवार का दीपावली मिलन समारोह, जुटे साहित्यकार

## लाइव इवेंट

## रुंगटा आर-1 ने 98 रन से जीता मैच, साजा कॉलेज को हराया



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को रुंगटा आर-1 और साजा पीजी कॉलेज के बीच मैच खेला गया। कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड में खेले गए इस मैच में रुंगटा महाविद्यालय आर-1 ने 93 रनों से मैच जीता। रुंगटा आर-1 महाविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 192 रन बनाए। इसमें राजा साहिल 74 रन, पुनीत कोसरे एवं सुमो चटर्जी ने 28-28 रन बनाए। साजा महाविद्यालय से गेंदबाजी करते हुए टाकेश ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी साजा महाविद्यालय की टीम 94 रन पर आउट हो गई। इसमें केवल ने 30 रन, रमेश ने 23 रन बनाए। रुंगटा आर-1 से गेंदबाजी करते हुए पुनीत कोसरे ने तीन विकेट लिए। प्रणव, रितेश एवं राजा साहिल ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर राणा प्रताप सिंह एवं सुनील डड़सेना थे। स्कोरर विनोद देवघरे थे। मैच के दौरान प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा, ऑब्जर्वर राकेश तिवारी, नरेश दीवान, मुरली तिवारी, सुमन चक्रवर्ती, अवतार सिंह, ईश्वर सिंह, भुनेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

- छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कल्याण कॉलेज खेल मैदान में किया जा रहा आयोजन

## सिटी इवेंट

## भटगांव में स्वतंत्रता सेनानी शर्मा की प्रतिमा तैयार, अनावरण जल्द

**भिलाई।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीताराम शर्मा की प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है। यह प्रतिमा जेवरा के ग्राम भठगांव में स्थापित की जाएगी। जल्द ही इसका अनावरण होना है। प्रतिमा मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने तैयार की है। फिलहाल वे मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। अंकुश द्वारा निरंतर महापुरुषों की भव्य प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी, बीएल सोनी, वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा के मार्गदर्शन में उनके द्वारा प्रतिमा तैयार की गई है। भटगांव के स्वतंत्रता सेनानी सीताराम शर्मा ने बाल्यावस्था से ही आजादी के आंदोलन में अपना योगदान दिया था। उन्हें मात्र 12 वर्ष की उम्र में ही अंग्रेजों द्वारा जेल में डाल दिया गया था। रायपुर के भनपुरी स्कूल में पढ़ते हुए वे दोस्तों संग स्कूल से भागकर स्वतंत्रता आंदोलन की रैलियों में सबसे सामने रहकर तिरंगा लहराया करते थे। रायपुर जेल में स्वतंत्रता सेनानी केयर भूषण के साथ मुलाकात ने उन्हें और प्रोत्साहित किया। महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास में वे इस आंदोलन का हिस्सा रहे तथा किसान आंदोलन में भी भाग लिया। डॉ. अंकुश देवांगन ने कहा कि हमने आजादी के आंदोलन में तो अपनी भूमिका नहीं निभाई है, परन्तु ऐसे महापुरुषों की प्रतिमा बनाकर हमारा जीवन धन्य हो जाता है।



- मूर्तिकार अंकुश देवांगन इस मूर्ति को दे रहे अंतिम रूप

## लाइव इवेंट

## लोक कलाकारों की उपेक्षा का आरोप, संघ ने उठाया मुद्दा

**भिलाई।** जिले के प्रमुख कलाकारों ने शासन स्तर पर कलाकारों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी और कबीरधाम के जिला अध्यक्ष सनी पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सभी विधा के अनगिनत प्रतिभावान लोक कलाकार हैं, लेकिन लोक कलाकारों की पूछपरख नहीं हो रही है। ज्यादातर लोक कलाकार आज भी शोषित, पीड़ित, उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को बने 24 साल हो चुके हैं। इस दरम्यान कांग्रेस-भाजपा दोनों पार्टी की सरकार बनी, लेकिन कलाकारों की सुध किसी ने नहीं ली। मानिकपुरी ने कहा कि वे खुद लम्बे समय से कलाकारों की पीड़ा से सरकार को अवगत कराते आ रहे हैं। आज भी कलाकारों के उत्थान के लिए संगठन तैयार कर सभी जिला के सभी विधाओं के कलाकारों को संघ से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कलाकार एक मंच में आकर एक साथ एक परिवार की तरह रहेंगे। सरकार से मांग है कि शासकीय आयोजनों में उन्हें भी अवसर दिया जाए। इससे कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें। एक अन्य जानकारी में प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी ने बताया कि उनके संगठन का विस्तार लगातार जारी है। इसमें कबीरधाम के जिला अध्यक्ष सनी पांडेय, संतोष साहू उपाध्यक्ष, अलखा राम साहू कोषाध्यक्ष, रामकृपाल सिरश्याम संयोजक, पुष्पेंद्र पांडेय सचिव, रफीक खान सह सचिव, संदीप यादव महामंत्री नियुक्त किए गए हैं।




● 2030 तक का प्लान : नई औद्योगिक नीति लागू, रोजगार के लिए तीन समूहों में बंटेगा दुर्ग जिला

# हुनरमंद बनाने पर मिलेंगे 15 हजार, स्कूलों में होगी व्यावसायिक पढ़ाई, आईटीआई, पॉलीटेक्निक खुलेंगे

राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति में युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। इसमें ऐसी कंपनी जो एक हजार बेरोजगारों को रोजगार देगी, साथ ही युवाओं को प्रशिक्षित करेगी। उन्हें राज्य शासन द्वारा न सिर्फ विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, बल्कि प्रत्येक युवाओं को प्रशिक्षित करने पर 15 हजार रुपए की अनुदान राशि भी जारी की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश में औद्योगिक पार्क खुलेंगें, जहां युवाओं को रोजगार के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह नई विकास नीति 1 नवंबर 2024 से 31 मार्च 2030 के लिए लागू की गई है।

**दुर्ग।** इससे पहले सरकार ने लागू की नीति से स्थाई पूंजी के साथ बिजली, परिवहन सभी इक्वीमेंट पर छूट दी गई हैं। साथ ही बीमार उद्योगों को जीवित करने पूंजी में छूट प्रदान की जाएगी। छोटो उद्योग (एमएसएमई) के लिए अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश का 75 से 100 प्रतिशत तक पांच से दस साल तक प्रतिपूर्ति दी जाएगी। वही ब्याज अनुदान पांच से आठ वर्ष तक 40 से 55 प्रतिशत अधिकतम अनुदान 15 से 50 लाख होगा। इसके अलावा विद्युत शुल्क में पांच से दस साल तक छूट रहेगी। इसके आलावा स्टांप शुल्क से छूट, मंडी शुल्क, मार्जिन मनी, दिव्यांग रोजगार अनुदान, परिवहन अनुदान, भू-प्रीमियम में छूट दी जाएगी। स्टार्ट अप सेक्टर में भी प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया हैं। इसके आलावा सेवा श्रेणी के एमएसएमई उद्यमों में खास प्रोत्साहन, सेवा श्रेणी के वृहद उद्यमों में प्रोत्साहन स्टांप से लेकर बिजली व स्थाई पूंजी में अनुदान दिया जाएगा। इसमें 100 तक पूंजी निवेश करने वाले बड़े उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। नई नीति के अंतर्गत नए आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलेंगे। सभी सेक्टर में छूट दी जाएगी। जमीन अधिकग्रहण के लिए नीति बनेगी। इतना ही छग का जगदलपुर इंडस्ट्रियल कारिडोर बनेगा। सिंगल डोर अब सेंट्रल सर्वर से जुड़ेगा।




### उद्योग और निवेशकों को इन श्रेणी में मिलेगा लाभ

मुख्य प्रबंधक सिमोन एक्का ने बताया कि नीति में उद्यम को आठ भागों में बांटा गया है। इसमें सूक्ष्म उद्यम, लघु उद्यम, मध्यम उद्यम, वृहद उद्यम, सूक्ष्म सेवा उद्यम, लघु सेवा उद्यम, मध्यम सेवा उद्यम और वृहद सेवा उद्यम के अनुसार कोर सेक्टर जैसे स्टील संयंत्र, सीमेंट संयंत्र, एल्युमिनियम संयंत्र, ताप विघुत संयंत्र और फार्मास्युटिकल, टेक्सटाईल, फूड प्रोसेसिंग, कृषि उत्पाद प्रसंस्करण, इलेक्ट्रिक आईटी है। इस क्षेत्र में पांच नामी कंपनी को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। सभी सेक्टर के लिए अगल-अलग श्रेणी शामिल हैं। वही निवेशकों को भी वर्गीकरण अनुसार लाभ दिया जाएगा। इसमें सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमी, महिला उद्यमी, सैनिक वर्ग, दिव्यांग, स्व सहायता समूह व एफपीओ के उद्यमी होंगे।

### खाद्य, कृषि, टेक्सटाइल्स, स्पंज आयरन, बिजली ताप पर भी छूट का प्रावधान

### उद्यम क्रांति योजना की जल्द होगी शुरूआत




राज्य के युवाओं में स्व उद्यमों के अवसरों में वृध्दि करने उद्यम क्रांति योजना जल्द लाई जाएगी। बेरोजगार युवाओं को उद्यम, सेवा, व्यवसाय के लिए वित्तिय संस्थानों से छूट प्रदान ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए अगर कही पन्द्रह एकड में उद्योग लगते हैं। वहां औद्योगिक पार्क स्थापित की जाती है तो चार करोड तक अनुदान होगा। वही निर्यात का प्रोत्साहन देने क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। छग में औद्योगिक पार्क के जरिए युवाओं को जोड़ा जाएगा।


### अब छग सिनेमा में छूट, स्कूलों में होगी व्यावसायिक पढ़ाई

औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के तहत राज्य में फिल्म उद्योग के तहत स्टूडियो, एडिटिंग, साउंड स्टूडियो में प्रोत्साहन व छूट का प्रावधान किया गया हैं। इसके आलावा राज्य शासन द्वारा लाए गए औद्योगिक नीति को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने का भी प्रावधान किया हैं। प्रत्येक उद्योगपतियों को यह जरूरी होगा कि, वे युवाओं को रोजगार की दिशा में स्कील करेंगे।

## शिक्षा, योग, आध्यात्म को प्रदर्शित करने ड्राइंग स्पर्धा, उकेरी प्रतिभा

**दुर्ग।** गुरुकुल परिवार निशुल्क ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि विगत 2 वर्षों से शहर एवं आसपास के क्षेत्र में निशुल्क शिक्षा, योग आध्यात्म विषयों पर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। रविवार को जलाराम मंदिर पद्मनाभपुर में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 3 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें बच्चो ने अपने मन में चल रहे विचारों को कागज में उकेरने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष शर्मा, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, ममता टावरी, खिलेश्वर, रीना, रूपा शर्मा, सुकृति ठाकुर, श्वेता अग्रवाल, मेघा राठी, पूनम यादव साथ ही बहुत संख्या में गुरुकुल परिवार के सदस्य एवं पालक उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि इस ड्राइंग प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कला को निखारने के साथ साथ उनके मन में चल रहे भाव एवं विचारों को सामने लाना है। उन्होंने बताया आगामी रविवार यानी 24 नवंबर को राधा कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में प्रतियोगिता का आयोजन होगा।







## कवर्धा में राज्य स्तरीय कबड्डी, चयन के लिए 180 खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



**भिलाई।** 24वीं छग राज्य स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 24 नवंबर के मध्य होना है। इसके लिए अलग-अलग कैटेगरी में जिले की टीम का चयन होना है। चयन के लिए दुर्ग, पाटन, धमधा विकासखंड के 180 बालक, बालिकाओं ने पसीना बहाया। उन्होंने ट्रायल के दौरान मजबूती से अपनी दावेदारी पेश की। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ के अध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी, प्रदीप पाटिल उपसरपंच डूमरडीह, धर्मेंद्र बंजारे, कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख, पीलू पारकर, मोहित साहू, नवीन देशमुख, गुलाब बेलचन्दन, सुलेंद्र निर्मलकर, संतोष साहू, गुलाब देशमुख, संतोष यादव, दीपक विश्वकर्मा, जेबा खान, ओम ओझा, गिरीश यादव, लक्ष्मण निषाद, भारत लाल रावत, उमेंद्र जांगड़े, प्रकाश यादव, नेमन दिल्लीवार, लाल कृष्ण सहित अन्य मौजूद थे।

गीत वितान कला केंद्र का जयंती स्टेडियम में आयोजन, सांसद हुए शामिल

# 1 हजार कंठों ने अरपा पैरी के धार व आनंद लोके मंगला लोके विराजो सत्य सुंदर... गीत गाकर दिया शांति का संदेश

कार्नर न्यूज

भिलाई। सिविक सेंटर के जयंती स्टेडियम में विश्व शांति का संदेश देने एक अनोखा आयोजन हुआ। गीत वितान कला केंद्र के तत्वाधान में आयोजित इस विश्व शांति संदेश के संगीतमय कार्यक्रम में 1 हजार से ज्यादा कंठों ने एक साथ अरपा पैरी के धार... और आनंद लोके मंगला लोके विराजो सत्य सुंदर गीत गया। समारोह में सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दिव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम में शांति दूत गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की।




### रविंद्रनाथ द्वारा रचित शांतरस के माध्यम से दिया संदेश

गीत वितान कला केन्द्र जयंति स्टेडियम परिसर में 1000 लोगों के माध्यम से गुरुदेव रविन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित शांतरस युक्त विश्व शांति संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग बीएसपी, एनएसपीसीएल ने किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्व्यक नरेन्द्र कुमार बंछोर ने दिया। इसके बाद वेदमंत्र का पाठ डीबीए हुडको के विधार्थियों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन में विशेष रूप से विश्व भारती विश्वविद्यालय शंति निकेतन के सम्राट शाह एवं सौम्य कर्मकार को मंच पर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सरसिज घोष ने प्रस्तुत किया।



### शहर के साहित्य और कला से जुड़े लोगों ने की शिरकत

1000 कंठयुक्त गायन कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार... से किया गया। गीत वितान कला केन्द्र के छात्र- छात्रओं ने प्रस्तुति दी। इसके बाद शांत रस के मुक्य आनंद लोके मंगला लोके विराजो सत्य सुन्दरों गीत गाया गया। इस कार्यक्रम में अग्नि की से छुल प्रस्तुमणि के छुलो प्राण एंव संजनी सजानी रधिका ला देख अबहु चाहिया की प्रस्तुति दी गई। लाइक गीत की प्रस्तुति विश्व साथे जोगे जेथाय विहारो रविन्द्र संगित के साथ रविन्द्र नाट्यक की मोहक प्रस्तुति गीत वितान कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने दी। इस अवसर पर डॉ. आरआरबी सिंग, एसके मुखोपाध्याय, आश्रय चक्रवर्ती, प्रभारी महापौर सीजू एंथोनी, उत्पल दत्ता मौजूद थे। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के प्रमुख साहित्यकार, कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम में संगीत निर्देशन नृत्य मणि मिथुन दास द्वारा किया गया। तबले पर संगत रूद्र प्रसन्न, जेना एसराज पर सम्राट शाह, सितार पर स्वप्लिन एवं सौम्य कार्मकार चन्द्राकर, प्रशांत, डेनिल कोसारिया, की बोर्ड पर सांई चक्रवर्ती, हर्षदेव साहू, हारमोनियम पर कार्डिनेटर चन्द्र बेनर्जी के संगत किया।

सिटी इवेंट

## स्टूडेंट्स के लिए युवा शिखर सम्मेलन, लर्निंग के साथ फन



**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में फनोलॉजी लर्निंग मेड फन के सहयोग से अपने पहले एमयूएन, रूंगटा यूथ समिट का आयोजन 23 और 24 नवंबर को रुंगटा पब्लिक स्कूल में किया जायेगा। जिसमें स्टूडेंट्स के लिए मनोरंजन और नवीन तकनीक सीखने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके पहले दिन गरबा नाइट और दूसरे दिन डीजे संग ढोल बजेगा। प्रतिभागियों के लिए यह जानने, सीखने, और जश्न मनाने का मौका होगा। रूंगटा यूथ समिट में नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रतिभागी स्वादिष्ट भोजन स्टालों में व्यंजनों का स्वाद चखेंगे।

- रूंगटा पब्लिक स्कूल करेगा मेजबानी

### मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार

बुद्धि की लड़ाई के माध्यम से वैश्विक चिंताओं को प्रस्तुत करने का एक बड़ा मंच एमयूएन सम्मेलन है। एमयूएन या मॉडल यूनाइटेड नेशंस संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अनुकरण है जहाँ छात्र विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के रूप में भूमिका निभाते हैं और अपने निर्दिष्ट पोर्टफोलियो की नीतियों और दृष्टिकोणों के साथ वास्तविक दुनिया के मुद्दों को हल करने का प्रयास करते हैं। इस आदर्श वाक्य के साथ 23 और 24 नवंबर को, संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में चलने वाला रूंगटा पब्लिक स्कूल, फनोलॉजी-लर्निंग मेड फन के सहयोग से अपने पहले एमयूएन, रूंगटा यूथ समिट की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मॉडल संयुक्त राष्ट्र (एमयूएन) सम्मेलन छात्रों के लिए कूटनीति में शामिल होने, अपने सार्वजनिक बोलने के कौशल को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को समझने का एक शानदार तरीका है। दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के लिए मनोरंजन और नवीन तकनीक सीखने के असीमित दायरे से भरपूर होगा। इसमें हम प्रतिभागियों को सामाजिक और राजनीतिक हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का पता लगाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही प्रतिभागियों के बीच अनेक प्रकार के पहलुओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगें। एमयूएन के कार्यान्वयन में लगे लोग छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने और मॉडल यूएन के जानकारी देंगे।


### नए कौशल सीखेंगे छात्र

रुंगटा छात्रों को विशेष संसाधन प्राप्त होते हैं जो उन्हें एमयूएन सम्मेलनों के लिए चरण-दर-चरण तैयार करते हैं। जिससे छात्र ज्ञान और नए कौशल हासिल करते हैं। कार्यक्रम मॉडल यूएन सिखाता है जो छात्रों को वास्तविक दुनिया के कौशल हासिल करने, वैश्विक मुद्दों के बारे में जानने, उनके नेतृत्व को बढ़ाने और महान विश्वविद्यालयों में स्वीकार किए जाने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा प्रतिभागी रूंगटा यूथ समिट 2024 में इंटरनेशनल प्रेस में शामिल होंगे, जहाँ वे एमयूएन की सभी गतिविधियों-कैप्चरिंग, रिपोर्टिंग और कहानियों को जीवंत करने के केंद्र में होंगे। उन्हें पत्रकारिता, फोटोग्राफी और रचनात्मक मीडिया प्रतिनिधिमंडल की गतिशील दुनिया में गोता लगाने और अपने लेंस और शब्दों के माध्यम से शिखर को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। दो दिवसीय एमयूएन में चित्रों का आकर्षण व अविस्मरणीय का सामाजिक अनुभव होगा। जो परंपरा और नाइटलाइफ़ वाइब्स का मिश्रण है। पहले दिन गरबा नाइट और दूसरे दिन डीजे संग ढोल होगा। प्रतिभागियों के लिए यह जानने, सीखने, जश्न मनाने का समय होगा।

समाज इवेंट

## छग के चारों दिशाओं में पर्यटन स्थल की कमी नहीं, हुई संगोष्ठी

**भिलाई।** विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान प्रयागराज, छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय आभाषी (ऑनलाइन) संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय छत्तीसगढ़ का पर्यटन स्थल रखा गया था। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ.डीपी देशमुख भिलाई ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में पर्यटन सबसे बड़ा लाभार्थी क्षेत्र है, इस क्रम में अपनी पहचान बनाने में छत्तीसगढ़ भी आतुर है। हमारा प्रदेश न सिर्फ धान का कटोरा है, बल्कि गढ़ों के प्रदेश स्थल के रूप में अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक, नैसर्गिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं आंचलिक पहचान रखता है, राज्य को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए लोक कला-संस्कृति को शामिल करने से शासकीय तंत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा,इससे राज्य की पहचान विश्व पटल में होगी।




- वैश्वीकरण के युग में पर्यटन सबसे बड़ा लाभार्थी क्षेत्र हैं : देशमुख

### पर्यटन स्थल से जनआस्था का जुड़ाव

वक्ता डॉ. दीनदयाल साहू छत्तीसगढ़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन विषय पर दृष्टि डालें तो कुछ घंटो में इसे समेटा नहीं जा सकता। हर पर्यटन स्थल का कहीं न कहीं धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और जन आस्था से जुड़ाव और महत्व देखने को मिलता है। चाहे जल प्रपात हो, माता के या शिव मंदिर हो, अभ्यारण्य हो, शैलचित्र हो या गुफा हो। छत्तीसगढ़ के चारों दिशाओं में पर्यटन स्थल की कमी नहीं है। सीताबेंगरा गुफा, लक्ष्मणेश्वर मंदिर, रामगढ़ की पहाड़ी, अकलतरा में मगरमच्छ संरक्षण केंद्र, राम वन गमन पथ और उनका महत्व, छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम, गरियाबंद का भूतेश्वर महादेव मंदिर, दंतेवाड़ा की दंतेश्वरी मंदिर, सरगुजा अंचल में प्रकृति स्थल, राजाओं की गाथा को समेटे किले, रायगढ़ और कांकेर अंचल की पहाड़ियों में बने शैलचित्र, कलात्मक दृष्टि से भोरमदेव का शिव मंदिर, मल्हार का डीडीनेश्वरी मंदिर, देवबलोदा का शिव मंदिर, आरंग का शिव मंदिर, जाजगीर चाम्पा, राजिम और पाटन का जगन्नाथ मंदिर जैसे अनेक महत्व के स्थल हैं, जिनका समृद्ध इतिहास इन स्थलों पर जाने के लिए हमें प्रेरित करते हैं।

● अनन्या चौकसे, रिमशा अंबर ने दी स्पेशल परफारमेंस, कोरियोग्राफर अनिल व जॉनसन रहे निर्णायक

# चार वर्गों में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर, छत्तीसगढ़ को डांसिंग स्टार का मिला खिताब, जीते पुरस्कार

**भिलाई।** भव्य स्टेज में रंग-बिरंगी लाइटिंग,बेहतरीन साउंड के साथ हिप हॉप, कंटेपरी, सालसा, एरोबिक्स और जंपिग मूवमेंट के साथ एक से बढ़कर एक फिल्मी गानों की धुन में डांस और उन्हीं गीतों में भरतनाट्यम, कत्थक के स्टेप कर डांस के दीवानों ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसे देख उपस्थित दर्शक भी झूम उठे। अवसर था कालीबाड़ी मैदान वैशाली नगर में आयोजित हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार के आयोजन का। जिसमें ट्विनसिटी के साथ साथ बाहर से आये प्रतिभागियों ने धमाकेदार प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ का डासिंग स्टार का खिताब अपने नाम किया। हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार का फाइनल कालीबाड़ी मैदान वैशाली नगर में किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, स्मिता धोडके, भाजपा युवा मोर्चा के मनीष पांडे, पार्षद संतोष मौर्य, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, सरोजिनी पाणिग्रही, सविता शर्मा, निशिकांत मिश्रा, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, रणजीत सिंह सहित शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।






### यह रहे विजेता

हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार के फाइनल में प्रदेश भर के 60 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित की गई थी। सब जूनियर वर्ग में प्रथम आकाश सोनी, द्वितीय नियति शुक्ला, तृतीय टी दीक्षा रही। जूनियर वर्ग में प्रथम रूद्र पाटीदार, द्वितीय अनुष्का सूत्रधार जगदलपुर, सीनियर वर्ग में प्रथम धनंजय साहू, देवेंद्र बंजारे द्वितीय एवं लिक्विड तृतीय रहे। सुपर सीनियर वर्ग में राकेश रामटेक प्रथम, द्वितीय रश्मि देशमुख और तृतीय सुषमा शर्मा रही। विजेताओं को सीनियर ग्रुप में प्रथम को 14 हजार व द्वितीय को 7 हजार, जूनि वर्ग में प्रथम 7 व द्वितीय 4 हजार, सब जूनि वर्ग में प्रथम 3 व द्वितीय 3 हजार, सुपर सीनि के सभी विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।



### कलाकारों को मिला मंच

कार्यक्रम के आयोजक पूर्व पार्षद ललित मोहन ने बताया कि हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार के सीजन 9 में प्रतिभागियों को लगभग 51000 का कैश पुरस्कार और ट्रॉफी बांटा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कलाकारों को एक नया मंच प्रदान करना है। ललित ने यह भी बताया कि इस आयोजन की शुरुआती सीजन में विजेता रही अलिशा बेहुरा अब बॉलीवुड में कोरियोग्राफी करते हुए भिलाई का नाम रोशन कर रही है। इस आयोजन में निर्णायको दवरा विजेताओं को बारिकी से सलेक्ट करते है और वे बड़े चैनल में आने वाले डांसिग कांम्पीटिशन में भी पार्टीसिपेट कर विजेता बनते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने डॉ सविता ललित मोहन सहित आयोजन समिति के कार्यो सराहना की।

इस प्रतियोगिता में सेजल जायसवाल ने भी अद्भुत प्रदर्शन किया। आयोजन में निर्णायक अतुल बौद्ध, जॉन सन, मेघा बांदी एवं अनिल टांडी थे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बन चुकी अनन्या चौकसे, रिमशा अंबर, चेतन, करिश्मा साहू, चेष्टा बांधी ने आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन पिया भौमिक एवं नम्रता सेन ने किया।

कुर्मी भवन से. 7 में आयोजन

## छंद के छ परिवार का दीपावली मिलन समारोह, जुटे साहित्यकार




**भिलाई।** कुर्मि भवन सेक्टर 7 में छंद के छ परिवार का दीपावली मिलन समारोह, पुस्तक विमोचन और राज्य स्तरीय छंदमय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। संस्थापक अरुण निगम के मार्गदर्शन और वरिष्ठ छंदकार विजेन्द्र वर्मा, बलराम चंद्राकर, गजराजदास महंत और सूर्यकांत गुप्ता के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 100 से ज्यादा छंदकारों ने काव्य पाठ प्रस्तुत कर रंग जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार संतोष झांझी, मनवा कूर्मि समाज के राजप्रधान ईश्वरी वर्मा, भाषाविद विजय वर्तमान उपस्थित थे। छंद के छ परिवार से अरुण कुमार निगम, सूर्यकांत गुप्ता व आशा देशमुख मंचासीन थे। अतिथियों ने कहा कि प्रकाशित छंदबद्ध पुस्तक, ऑनलाइन क्लास, गुरु शिष्य परम्परा, ऑनलाइन साप्ताहिक काव्य गोष्ठी, ब्लॉग छंद खजाना, गजल खजाना लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस अवसर पर निगम ने संस्था के गठन के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर छंदकारों की पुस्तक का विमोचन किया। इसमें चोवाराम वर्मा बादल कृत भावपल्लवन पुस्तक ताना बाना, गजानन्द पात्रे सत्यबोध की कृति सवैया सरोवर, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर की गजल संग्रह मुस्कात बाली धान के तथा कमलेश प्रसाद शर्मा बाबू की कहानी संग्रह अनोखी बहू शामिल हैं। इस अवसर पर छंदमय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने काव्य पाठ प्रस्तुत किए। सम्मेलन में राजनांदगांव, कबीरधाम, कोरबा, बलौदाबाजार, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, रायगढ़, जशपुर, जांजगीर नैला, बिलासपुर, मुंगेली, खैरागढ़, छुरिया, बस्तर, बेमेतरा, धमतरी आदि मौजूद थे।

सम्मान

## आद्या को नादमणि 2024 के सम्मान से किया अलंकृत

**भिलाई।** जैन कला केंद्र संगीत महाविद्यालय भिलाई द्वारा 50वां वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह नादोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति दी गयी।

तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल द्वारा विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। मुख्य रूप से जैन मिलन ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और अंत तक बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इसी कड़ी मे भिलाई की 10वीं की छात्रा नृत्यांगना आद्या पांडे शास्त्रीय नृत्य भरतनाटयम में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रहीं साथ ही उन्हें नादमणि-2024 की उपाधि से नवाजा गया। जो की सभी वर्गों के भरतनाटयम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए यह उपाधि दी जाती है। आद्या पांडे इससे पहले नृत्य प्रतिभा, नृत्य श्रेष्ठ एवं नृत्य मंजरी जैसे अलंकरण से भी अलंकृत हो चुकी हैं। 22वीं राष्ट्रीय स्तर एवं 1 अंतराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार से सम्मानित 15 वर्षीय आद्या पांडे शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम मे अपनी प्रतिभा से भिलाई का नाम कई बार रोशन किया है।आद्या का सेट्रल फॉर कल्चरल रिसोर्स एंड ट्रेनिंग, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर गर्वमेंट ऑफ इंडिया द्वारा शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में जूनियर स्कोलार्शिप वर्ष 2023 के लिए चयन हुआ है जो की आठ साल तक के लिए रहेगा।

उन्होंने भरतनाट्यम की शिक्षा अपने गुरु नृत्य चूड़ामानी से अलंकृत डॉ. जी. रतीश बाबू से प्राप्त की है। इनकी संस्था का नाम नृत्यति कलाछेत्रम है। इनके पिता दिनेश पांडे भिलाई इस्पात सयंत्र के मरचेंट मिल मे कार्यरत हैं और माता सोनिया पांडे गृहणी हैं।



**जैन कला केंद्र संगीत महाविद्यालय का आयोजन**

कार्नर न्यूज

**नेहरु नगर भेलवा तालाब में हुआ आयोजन**

आर्ट ऑफ़ लिविंग के कोऑर्डिनेटर शुक्ला ने युवाओं को किया प्रोत्साहित

## झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने स्वाभिमान से जीने का सिखाया सबक, जन्मोत्सव पर किया याद

**भिलाई।** नेहरू नगर भेलवा तालाब में मार्निंग वाकिंग ग्रुप द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्म उत्सव मनाया गया। इस दौरान रानी के बलिदानों की याद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को झांसी की रानी द्वारा किए गए बलिदानों को आगे की पीढ़ी तक पहुंचाना था। इस दौरान दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ऐसी वीरांगना थी जो मात्र 18 साल की आयु में लोगों को स्वाभिमान के साथ जीना सिखा दिया।



### हम अबला नहीं है हम साबला है की सीख सभी नारी जाति को दी थी

अंग्रेजों के गुलामी को स्वीकार नहीं किया। अपनी रण कौशलता से सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। प्रवीण सिंह ने बताया कि जिस समय लोग डर के मारे गुमनामी में जी रहे थे। बलिदान की कमी दिख रही थी। उस समय भारत बूढ़ा हो गया। इन बूढ़े भारत में भी नई जवानी फूकने का कार्य झांसी के रानी ने किया था। विश्व हिंदू परिषद के शैलेंद्र सिंह परिहार ने बताया 18 साल की उम्र में आज के बच्चे अपने कर्तव्यों को नहीं समझते हैं। गुलामी के समय में एक महिला सबको दिखा दिया कि हम यदि ठान ले क्या कर सकते हैं। हम अबला नहीं है हम साबला है की सीख सभी नारी जाती को दी थी।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित रहे राजेश तिवारी, भारत विकास परिषद के भिलाई इकाई सचिव जितेंद्र सिंह, ललित पोपट, आनंद जैन, डोमन साहू रमेश मिश्रा, प्रवीण सिंह, सुजीत मिश्रा, आदित्य सिंह, गौतम साहू, एमपी सिंह, सी बीजू, राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ नवीन कवरा, सुभाष गुलाटी, बसंत चौबे, प्रदीप डालमिया, सुबोध अग्रवाल, विवेक चतुर्वेदी, संजय भाटिया, दुग्गल, पीएम राजू आदि उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीएससीएस ने सैय्यद मुश्ताक़ अली टी 20 के लिए जारी की सूची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने आगामी 25 नवंबर से शुरू हो रही सैय्यद मुश्ताक़ अली टी-20 स्पर्धा के लिए राज्य टीम के 18 सदस्यों का चयन करते हुए फाइनल सूची जारी कर दी है। टीम की कमान अमनदीप खरे संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के टीम में चयनित होने वाले खिलाड़ियों में राजधानी के खिलाड़ियों का दबदबा है। इन चयनित खिलाड़ियों में अमनदीप खरे (कप्तान) बीएसपी, आयुष पांडे रायपुर, शशांक चंद्राकर (विकेट कीपर) महासमुंद, शशांक सिंह दुर्ग, अनुज तिवारी रायपुर, प्रतीक यादव रायपुर, अजय मंडल राजनांदगांव, गगनदीप सिंह रायपुर, शुभम अग्रवाल रायगढ़, एम रवि किरण प्रोफेशनल, मयंक यादव रायपुर, संजीत देसाई बीसीए, सौरभ मजूमदार बस्तर, आशीष चौहान रायपुर, एकनाथ केलकर (विकेट कीपर) प्रोफेशनल, जीवेश भुट्टे बीएसपी, आशुतोष सिंह सरगुजा और विश्वाश मलिक रायपुर शामिल हैं।

### इंटर कॉलेज बॉक्सिंग के लिए चुनी गई यूनिवर्सिटी की टीम



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा इंटर कॉलेज बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 18 नवम्बर को किया गया। आयोजन सचिव एवं क्रीड़ाधिकारी छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रुपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा का उद्घाटन छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तपेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पं रविवि की पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग टीम का चयन किया गया। जिसमें बॉयज 48-51केजी सनत ठाकुर युटीडी रायपुर, 51-54 रुद्र टंडन संस्कृत कॉलेज, 57-60 धनंजय शुक्ला रावतपुरा सरकार कॉलेज, 60-63.50 विजय बंजारे युटीडी रायपुर, 63.5 -67 शेखर साहू जे योगानंदम छग महा रायपुर ,71-75 कुश चंद्राकर हरिशंकर कॉलेज, 80-86 एलेक्स मिंज विज्ञान महा रायपुर, 67-71वेणुगोपाल सेठ फूलचंद महा नवापारा गर्ल्स 45-48,दामिनी ध्रुव दुर्गा महा रायपुर, 48-50,छाया पटेल पं रामसखा महा ,54-57 खुशबू भोई दू ब महिला महा रायपुर,63-66 संजना कनोजिया दुर्गा महा ,66-70विभा ठाकुर संस्कृत कॉलेज एवम 57-60 तनुजा साहू संत गुरुघासीदास कॉलेज शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो केके बिंदल, प्रो राजेश शुक्ल, डॉ रामानन्द यदु ,डॉ प्रमोद मेने, डॉ कर्मिष्ठ शम्भरकर, फिजियो महिमा सहित बड़ी संख्या में क्रीड़ाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। निर्णायक एवं चयन समिति के सदस्य के रूप में वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच नवीन दास एवं हिमांशु दुबे, वरिष्ठ खिलाड़ी आकाश साहू उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए छात्राएं गुवाहाटी रवाना



**रायपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कोतरी बिलासपुर की तीन खिलाड़ी छात्राओं का चयन राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय लोरमी के क्रीड़ाअधिकारी अविनाश निर्मलकर ने बताया कि राज्य स्तरीय में प्रतिस्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें इन छात्राओं का प्रदर्शन के आधार पर चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए गुवाहाटी असम के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 20 से 23 नवंबर तक रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी गुवाहाटी में आयोजित होगी। जिसमें कुमारी नीलिमा यादव, मनीष कश्यप और उर्मिला धीवर टीम में शामिल है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं अध्यापक और कर्मचारियों ने छात्राओ को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### कराटे से समझा महिला सशक्तीकरण को लोगों ने



**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी एवं वीमेन डेवलपमेंट सेल द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत वर्तमान समय में महिलाओं की आत्मरक्षा जरूरी है के विषय में मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी हर्षा साहू ने आत्मरक्षा के गुर विद्यार्थियों को बताएं। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र अग्रवाल ने हर्षा साहू को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। हर्षा साहू ने इस दौरान छात्राओं के साथ उन्हें आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीक का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया और कहा कि मैं अपेक्षा करती हूं कि आप अपनी सुरक्षा के लिए डर पर जीत हासिल करें।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गणेश शंकर पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर दिव्या शुक्ला ने किया।

● सर्दियों में इन बीमारियों का बना रहता है खतरा, ऐसे करें बचाव

# सर्दियों का मौसम सभी के लिए खुशगवार नहीं होता, तकलीफ भी उठानी पड़ती है इन दिनों

सर्दियों का मौसम सभी के लिए खुशनुमा एहसास लेकर नहीं आता बल्कि बहुत से लोगों के लिए मुसीबत भी बन सकता है। जानते हैं उन बीमारियों के बारे में जिससे आपको परेशानी हो सकती है। सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता है। भीषण गर्मी से राहत मिलती है। गुलाबी और सर्द हवा से सुकून पहुंचता है। हालांकि, इस दौरान आपके बीमार होने की संभावना भी बढ़ जाती है। दरअसल पर्यावरण में ठंड तो होता ही है साथ ही शरीर के तापमान में भी गिरावट आती है। शरीर को इन परिस्थितियों में एडजस्ट होने में दिक्कत होती है। वहीं जिनकी इम्यूनिटी कमजोरी होती हैं उनके लिए सर्दियों का मौसम मुसीबत बन जाता है। आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में कौन-कौन सी दिक्कतें परेशान कर सकती है।



### सर्दी-जुकाम

ठंड के मौसम में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ने लगते हैं। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है वही इस दौरान हमारी इम्यूनिटी भी गिर जाती है जिस वजह से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से हम पर अटैक कर पाते हैं। ठंडी हवा ही नाक में होने वाले इम्यून रिस्पांस को नुकसान पहुंचाती है। वहीं ठंड के मौसम मे लोग घर के अंदर ज्यादा रहते हैं जिससे वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाते हैं। बचाव- अदरक की चाय, हल्दी वाला दूध, स्टीम, तुलसी का काढ़ा ये आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं और सर्दी जुकाम में राहत मिलती है।

### गठिया

सर्दियों के मौसम में धूप के संपर्क में ना रहने के कारण शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाती है और विटामिन डी की कमी जोड़ों के दर्द को ट्रिगर करती ।है इसके अलावा ठंड और नामी भरा मौसम भी गठिया की समस्या पैदा कर सकता है। बचाव के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं, विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें और हाइड्रेटेड रहें।

### वेट गेन

अक्सर ठंड के मौसम में वेट गेन हो जाता है। दरअसल इस मौसम में हम बहुत ज्यादा तले भुने चीजों का सेवन करते हैं। इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है। वहीं हमारे शारीरिक गतिविधि में भी कमी हो जाती है इससे मोटापा बढ़ जाता है। बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, फाइबर युक्त भोजन करें, अपने सोने का पैटर्न ठीक करें और शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं।

### कब्ज


सर्दियों के मौसम में कब्ज भी बढ़ जाती है। इसके पीछे का भी कारण है अनहेल्दी डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की कमी। इससे बचने के लिए फाइबर युक्त भोजन और एक्सरसाइज जरूर करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।



# नहीं रहना सिंगल तो समय रहते सुधार लें ऐसी आदतें



रिलेशनशिप ने नोंक-झोंक आम बात है। शायद ही ऐसा कोई कपल होगा, जो एक-दूसरे की हर बात से इत्तेफाक रखता हो और कभी ना झगड़ता हो। रिलेशनशिप में खट्टी-मीठी नोंक-झोंक तो आम बात है, लेकिन अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच लगातार झगड़े हो रहे हैं और इसकी वजह आपकी कुछ आदतें हैं, तो इन्हें आपको समय रहते जरूर सुधार लें, वरना आपकी ये आदतें आपके रिश्ते को तोड़ भी सकती हैं। रिलेशनशिप में रहते हुए पार्टनर्स के बीच मतभेद होना आम बात है। क्योंकि, जरूरी नहीं कि आपका पार्टनर भी आपकी तरह सोचता हो। दो अलग लोगों की सोच में अंतर होना बेहद आम बात है। वो कहते हैं ना कि एक हाथ की पांच उंगलियां भी बराबर नहीं होतीं, तो दो अलग-अलग लोगों की सोच एक जैसी कैसे हो सकती है। ऐसे में कपल्स के बीच खट्टी-मीठी नोंक-झोंक तो होती ही रहती है। लेकिन, बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझाते आए हैं कि कपल्स की बातें उनके बीच ही रहनी चाहिए, क्योंकि जैसे ही आपके राज तीसरे के पास जाते हैं वो राज नहीं रह जाते। कई बार इन सबके चलते एक अच्छा-खासा रिश्ता बर्बाद हो जाता है। रिलेशनशिप में अगर पार्टनर्स के बीच मतभेद आने लगते हैं तो रिश्ते में भी दूरियां आ जाती हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। कई बार इसकी वजह आपकी कुछ आदतें भी बन सकती हैं। तो अगर आपको भी ऐसा लगता है कि आपकी किसी आदत से आपका रिश्ता खतरे में पड़ रहा है तो उसे जरूर सुधार लेना चाहिए। यहां आज हम आपको कुछ ऐसी लोगों की आम आदतों के बारे में बताएंगे, जिन्हें किसी भी व्यक्ति को समय रहते जरूर सुधार लेना चाहिए, वरना ये आपका रिश्ता टूटने की वजह बन सकती हैं।



### बुराई करने की आदत


अगर आप उन लोगों में से हैं, जिनका अपने पार्टनर के साथ झगड़ा होता है और वो अपनी पर्सनल बातें दूसरों से शेयर करने लगते हैं। दूसरों से अपने पार्टनर की बुराई भी करते हैं तो इस आदत को तुरंत सुधार लें। क्योंकि, आपकी इस आदत की वजह से आपके और आपके पार्टनर के बीच गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपने आपसी झगड़े को सुलझाने के लिए किसी तीसरे की मदद लेने के बजाय आपस में बात करके इसे खत्म करने की कोशिश करें।

### बात का बतंगड़ बनाना

कई लोगों की आदत होती है कि वह छोटी-छोटी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और फिर इस पर लड़ने भी लगते हैं। अगर आपके अंदर भी ये आदत है तो सतर्क हो जाएं और किसी भी बात पर शांति से विचार करने की कोशिश करें। क्योंकि, ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है। इस आदत से आमतौर पर कोई भी परेशान हो सकता है और कई बार ये रिश्ते टूटने की वजह बन जाती है।

### कंपेयर करने की आदत

बात-बात पर अपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करना पूरी तरह से गलत है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन भर आपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करते हैं और उन्हें कमतर महसूस कराते हैं तो अपनी इस आदत को सुधार लें। क्योंकि, पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करना, मतलब उसका दिल दुखाना।



# क्या उल्लू की मूर्ति अपने घर ऑफिस में रखना होता है शुभ?



अक्सर लोग अपने घर का निर्माण वास्तु शास्त्र के अनुसार करवाते है। साथ ही घर से जुड़ी सभी चीजों का रखरखाव भी वास्तु के अनुसार करते हैं। वास्तु शास्त्र में घर में कुछ चीजों को रखना बेहद शुभ माना जाता है तो कुछ चीजों को अशुभ भी माना गया है।

**घर पर उल्लू रखने के नियमः** वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में उल्लू की फोटो या मूर्ति रखने के लिए पूजा घर या स्टडी रूम उचित स्थान है। यहां पर उल्लू की तस्वीर लगाने से घर में सकारात्मकता का अनुभव होगा। साथ ही घर से बुरी नजर का साया दूर रहेगा। उल्लू की तस्वीर लगाने से घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि आती है।

**उल्लूः** आप चाहें तो उल्लू को ऐसी जगह भी रख सकते हैं जहां से उल्लू की नजर घर के कोने कोने पर पड़ सके। अगर उल्लू की नजर दरवाजे की ओर हो, तो यह और शुभ हो सकता है।

**ऑफिस में उल्लू रखने के नियमः** उल्लू को ऑफिस में रखना शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस में उल्लू की मूर्ति रखने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। साथ ही इससे कार्यक्षेत्र में पॉजिटिव एनर्जी का संचार बढ़ता है।

वास्तु के अनुसार, ऑफिस में उल्लू को व्यवसाय से जुड़ी चीजों के पास रखें। आप चाहें तो उल्लू की फोटो या मूर्ति को अपने काउंटर के पास रख सकते हैं।

इस बात का ध्यान रखें कि, ऑफिस में उल्लू को हमेशा अपने दाहिने ओर ही रखें। ऐसा करने से आपके कार्य में आने वाली सभी बाधाएं दूर होगी। साथ ही आर्थिक विकास होगा।

# इस मौसम परिवारवालों को बनाकर खिलाएं स्वादिष्ट मेथी का पराठा



नवंबर के महीने के जाते-जाते सर्दियों का मौसम अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैं।

इसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी का पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाने का सही और आसान तरीका बताते हैं।

मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।

इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक डालें। अब इस आटे को अच्छी तरह से गूंथ लें। गूंथे हुए आटे ते कभी तुरंत पराठे ना बनाए, बल्कि इसे कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इस आटे से छोटी-छोटी लोइयां तैयार करें।

अब इन लोइंयों से पराठे बनाएं और इन्हें गैस पर दोनों तरफ से तेल लगाकर सेक लें। आप चाहें तो तिकोने आकार के मेथी के पराठे भी बना सकती हैं। जब ये कुरकुरी तरह से सिक जाएं तो एक प्लेट में निकाल कर अचार और दही से साथ इसे परोसें।

कार्नर न्यूज

## असहनीय कमर दर्द की समस्या लगातार बढ़ रही, योग में है उपाय

# स्लिप डिस्क की तकलीफ से पाना है छुटकारा तो इन योगासनों से मिलेगा भरपूर आराम

*कई लोगों को असहनीय कमर दर्द की शिकायत रहती है। घंटों गलत पोस्चर में बैठकर काम करने के कारण कमर दर्द हो सकती है। जिसकी वजह से उठने बैठने में बहुत अधिक तकलीफ होती है। गृहणी हों या कामकाजी पुरुष और महिला, किसी को भी कमर दर्द की शिकायत हो सकती है। इसे स्लिप डिस्क की समस्या कहते हैं। स्लिप डिस्क रीढ़ की हड्डी में होने वाली मेडिकल स्थिति है, जो सामान्यत:: हड्डियों में खराबी या चोट लगने से भी हो सकता है। आजकल युवाओं में स्लिप डिस्क की शिकायत बढ़ रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लगभग 80 फीसदी युवा इस समस्या से ग्रसित हैं। स्लिप डिस्क की समस्या का आखिरी इलाज ऑपरेशन माना जाता है। हालांकि स्लिप डिस्क के कारण होने वाले असहनीय दर्द को कम करने के लिए कुछ योगासनों का सहारा ले सकते हैं। अगर आप भी कमर दर्द या स्लिप डिस्क से परेशान हैं तो नियमित कुछ योगासनों का अभ्यास स्लिप डिस्क में असरदार हो सकता है।*





**शवासनः** स्लिप डिस्क के कारण होने वाले दर्द को कम करने के लिए शवासन का अभ्यास कर सकते हैं। यह आसन किसी भी योग को करने के बाद सबसे आखिर में किया जाता है। इस आसन के अभ्यास से शरीर और आंतरिक ऊर्जा बेहतर बनती है।

**भुजंगासनः** भुजंगासन से रीढ़ की ऊपरी हड्डियों पर दबाव पड़ता है। इस योगासन में शरीर का आकार फन उठाए सांप जैसा होता है। कमर दर्द से राहत और शरीर को लचीला बनाने के लिए भुजंगासन का अभ्यास कर सकते हैं।


**उष्ट्रासनः** रीढ़ की हड्डी की समस्याओं को दूर करने के लिए उष्ट्रासन का अभ्यास असरदार है। इस आसन में शरीर ऊंट की मुद्रा में होता है। आसन को करने के लिए शरीर को पीछे की तरफ झुकाया जाता है। दबाव के कारण रीढ़ की हड्डी की समस्याएं दूर होती हैं।

**शलभासनः** शलभासन के अभ्यास से स्लिप डिस्क और कमर दर्द से राहत मिलती है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल जमीन पर लेटकर रीढ़ की हड्डी को मोड़ा जाता है। आसन को सही तरीके से करने से कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद 'गॉट टैलेंट' स्टार ने ली अपनी जान



38 वर्षीय डांसर केरी-ऐनी डोनाल्डसन की मौत अब ब्रिटेन में चल रही जांच का विषय है। 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट डांसर' फेम केरी बीते साल अपने घर में मृत पाई गईं। अधिकारी अब केरी की मौत की जांच पर अपने तथ्य पेश कर रहे हैं। पूछताछ में, कोरोनर जेसन पेग ने बताया कि केरी ने फांसी लगाकर अपनी जान दी, जिसका सीधा अर्थ है कि उन्होंने आत्महत्या की।

हालांकि, डोनाल्डसन का परिवार अब उनके निधन से पहले के दिनों की जांच की मांग कर रहा है, जो इंग्लैंड के हैम्पशायर के फर्नबोरो में हुई थी। 'स्ट्रिक्टली कम डांसिंग' में भी नजर आ चुकीं केरी को निधन से ठीक पहले इंग्लैंड के लिन, सरे में सेंट पीटर्स अस्पताल की देखभाल में रखा गया था। 'द डेली मेल' की रिपोर्ट के अनुसार, सुविधा केंद्र में उनका मनोरोग मूल्यांकन किया गया और फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यह स्पष्ट नहीं है कि मूल्यांकन में क्या शामिल था और इस सिनेरियो में रोगी के आसपास की प्रक्रियाएं क्या थीं। अधिकारी अब 2025 के लिए निर्धारित पूर्ण जांच सुनवाई में इन सवालों का जवाब देंगे। इस प्रारंभिक सुनवाई में, पेग ने डोनाल्डसन के अंतिम दिनों का एक बुनियादी अवलोकन प्रस्तुत किया। वह 4 जून को कुछ समय के लिए पुलिस हिरासत में थीं लेकिन उसके तुरंत बाद उन्हें लापता घोषित कर दिया गया। डोनाल्डसन कुछ दिनों बाद अचानक लौट आई थीं, लेकिन उन्होंने अधिक मात्रा में दवाई ले ली थी।

### टॉलीवुड

## वरुण तेज की 'मटका' के ओटीटी अधिकार बिकने की चर्चा, इस प्लेटफॉर्म का हो रहा जिक्र



वरुण तेज की फिल्म 'मटका' बुरी तरह असफल साबित हुई है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 71 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती नजर आ रही है। इस बीच फिल्म को नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदे जाने की चर्चा तेज हो गई है। तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नागेंद्र बाबू के बेटे और चिरंजीवी व पवन कल्याण के भतीजे वरुण तेज फिल्म 'मटका' हाल में ही रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों में तीन करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये चर्चा की जा रही है फिल्म के सिनेमाघरों में खराब प्रदर्शन के बाद इसे नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदा गया है। कुछ रिपोर्ट्स में चर्चा की जा रही है कि फिल्म के स्ट्रीमिंग अधिकार लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को बेचे गए हैं। कहा जा रहा है कि नेटफ्लिक्स ने ये अधिकार 15 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। हालांकि, इसका बजट लगभग 35 करोड़ रुपये बताया गया है। ऐसे में अब फिल्म को अपनी लागत भी निकाल पाना असंभव ही लगता है। ओटीटी राइट्स भी महज 15 करोड़ रुपये में ही बिके हैं। ऐसे में ये फिल्म निर्माताओं के लिए घाटे का सौदा साबित हो रही है। अब देखना है कि फिल्म आने वाले दिनों बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

वरुण तेज ने मशहूर मटका किंग रतन खत्री का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी साल 1958 से 1982 के बीच के समय में स्थित है। फिल्म में वरुण तेज मटका वासु के रूप में, मीनाक्षी चौधरी ने सुजाता के रूप में, नोरा फतेही ने सोफिया के रूप में, सलोनी असवानी ने पद्मा के रूप में, पी. रविशंकर ने नारायण मूर्ति के रूप में, किशोर ने नानी बाबू के रूप में, नवीन चंद्र ने साहू के रूप में, और अजय घोष ने अप्पाला रेड्डी के रूप में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट ने मिलकर किया है, जिसका संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। करुणा कुमार द्वारा फिल्म का लेखन और निर्देशन दोनों किया गया है।

### भोजपुरी

## भोजपुरी का सबसे अमीर सितारा बनने की होड़ में है ये अभिनेता




भोजपुरी सिनेमा और उसके कलाकारों का बोलबाला बॉलीवुड से लेकर साउथ तक पहुंच चुका है। भोजपुरी के गीत यूट्यूब पर बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और बना रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा की फिल्में भले ही कम बजट की बनती हो पर इसके अभिनेता फिल्म के लिए अच्छी-खासी रकम वसूलते हैं। आइए जानते हैं भोजपुरी सिनेमा की दुनिया के पांच सबसे अमीर अभिनेता कौन से हैं और उनकी नेटवर्थ कितनी है। भोजपुरी इंडस्ट्री में अभिनेता पवन सिंह को 'पॉवर स्टार' के नाम से जाना जाता है। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म 'स्त्री 2' में 'आई नहीं' गीत में अपनी आवाज दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता की नेटवर्थ 41 करोड़ रुपये की बताई जाती है। कहा जाता है कि वह एक फिल्म के लिए 40 से 50 लाख की रकम वसूलते हैं। अभिनेता के पास कई महंगी और लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन भी है। अभिनेता से नेता बने भोजपुरी के स्टार मनोज तिवारी अभिनय के बाद अब राजनीति में भी अपना दम-खम दिखा रहे हैं। वह एक अभिनेता के साथ बहुत अच्छे गायक भी हैं।

### 90 का लौटता फैशन




बेल बॉटम से लेकर ग्लैमरस स्लिप ड्रेस तक 90 के दशक के कई ऐसे फैशन ट्रेंड्स हैं, जो अब बाजार में एक बार फिर वापसी करते नजर आ रहे हैं। इनमें ग्रंज शैली विशेष रूप से परिधानों और सहायक उपकरणों के साथ शानदार रूप से वापस आ गई है। काले चमड़े की जैकेट या डेनिम जैकेट एक फ्लावर प्रिंट या ठोस रंग की पोशाक, जींस और टी-शर्ट के साथ जोड़े जाने पर शहरी लुक बनाने में मदद करती है।

## चिन पर कालापन दूर करें घरेलू उपाय से



होठों के नीचे कालापन हो रहा है और इससे आपके चेहरे की सुंदरता प्रभावित हो रही है और इसका प्राकृतिक इलाज तलाश रही हैं, तो इसके कारणों पर जरूर जाइए। ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'डिहाइड्रेशन, ब्लैकहेड्स, डेड स्किन और टैनिंग, यह सभी इसके कारण हो सकते हैं। ऐसे में अलग-अलग घरेलू नुस्खे आपको कालेपन की समस्या से निजात दिला सकते हैं।'


कई लोगों को टी-जोन एरिया बहुत ऑयली होता है और इसलिए चिन पर मुंहासे निकलते रहते हैं। मुंहासों के सूखने के बाद उसका कालापन त्वचा पर ही रह जाता है। ऐसे में बूंद भर नारियल का तेल आप लगाती हैं और उससे मालिश करती हैं, तो आपको उससे बहुत फायदा मिलेगा।

चेहरे के कुछ हिस्सों पर ओपन पोर्स की समस्या के कारण ब्लैकहेड्स होने लगते हैं। किसी-किसी के चिन पर भी अधिक ऑयल निकलता है और इस वजह से स्किन पोर्स लार्ज हो जाते हैं। इन पोर्स में गंदगी फंस जाती है और वह ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स का रूप ले लेती है। इन्हें दूर करने के लिए दूध में कॉफी पाउडर मिक्स करके स्क्रब करें और फिर पानी से वॉश करने के बाद टॉवल से ही चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ें। ऐसा करने से ब्लैकहेड्स कुछ हद तक रिमूव हो जाएंगे।

डेड स्किन की परत तो कहीं भी जमा हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि आप चेहरे को साफ रखें। आपको नियमित रूप से चेहरे की क्लीनिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा, दही और बेसन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन सभी में बहुत अच्छी एक्सफोलिएटिंग पावर होती है।

चाय की पत्ती को पानी में पहले उबाल लें और फिर उसे छान लें। जब चाय की पत्ती थोड़ी ठंडी हो जाए तो आपको उसमें शहद मिक्स करना है और फिर इस मिश्रण से चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ना है। इससे ब्लैकहेड्स भी रिमूव होंगे और डेड स्किन भी रिमूव होगी।

## हल्दी की रस्म में पीला ही क्यों पहनें, आजमाएं नए रंग




किसी शादी के फंक्शन में जाना हो तो हम सभी स्टाइलिश दिखना ही पसंद करते हैं और इसके लिए हम सेलिब्रिटीज के लेटेस्ट लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं। वहीं प्री-वेडिंग फंक्शन जैसे हल्दी सेरेमनी की बात लरें तो इसके लिए हम अक्सर येलो कलर के आउटफिट को पहनते हैं। वहीं इसके लिए हम ज्यादातर प्लेन डिजाइन को ही चुनते हैं।



अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं और अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो किसी और कलर की ड्रेस भी चुन सकती हैं। तो चलिए हम आपको दिखाते हैं येलो के अलावा आप किन डिजाइंस और कलर्स की आउटफिट्स को पहन सकती हैं। साथ लुक को स्पेशल बनाने के लिए बताएंगे कुछ खास टिप्स।



### नेट लहंगा डिजाइनर लुक

वहीं मॉडर्न लुक को हल्दी फंक्शन के लिए चुनना चाहती हैं तो इस तरह के नेट लहंगा लुक के साथ आप स्टाइलिश बैकलेस ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का ऑम्ब्रे कलर आउटफिट को डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के लुक के साथ आप फ्लोरल या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### बॉर्डर वर्क साड़ी लुक

आजकल हैवी वर्क ब्लाउज के साथ प्लेन साड़ी को स्टाइल किया जाना चलन में है। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर पुनीत बलाना द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक साथ स्लीक स्टाइल हेयर स्टाइल को चुनें।

सटल लुक को हल्दी फंक्शन के लिए कैरी करना चाहती हैं तो मल्टी कलर का यह खूबसूरत लहंगा स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। मल्टी-शेड वाले इस खूबसूरत आउटफिट को Tanazfatima M. Charania डिजाइनर ने डिजाइन किया है। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल बोहो या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।

## स्टाइलिश लुक पाने के लिए पेस्टल आउटफिट्स के साथ अपनाएं ज्वेलरी

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको ज्वेलरी और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर ही अपने लुक को स्टाइल करना चाहिए।अपने लुक को स्टाइलिश बनाना हम सभी चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी तरह की जानकारी को रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं बदलते दौर में आजकल पेस्टल कलर्स को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे स्टाइल करते समय हम कई बार परफेक्ट कलर की ज्वेलरी को नहीं चुन पाते हैं। हालांकि मार्केट में आजकल ज्वेलरी के अनगिनत डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन पेस्टल कलर के साथ कलर कॉम्बिनेशन को चुनना बिगिनर के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पेस्टल कलर आउटफिट के साथ पहनने के लिए परफेक्ट ज्वेलरी कलर्स।

### मैरून कलर ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

पेस्टल कलर आउटफिट के साथ आपको ज्वेलरी को स्टाइल करने के लिए डार्क कलर को चुनना चाहिए। इसके लिए आप मैरून यानी रूबी को पहन सकती हैं। रूबी में भी कई वैरायटी होती हैं। इसे आप पर्ल या डायमंड ज्वेलरी की चैन या नेकलेस के साथ पहन सकती हैं।



### पेस्टल शेड्स की ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

लाइट शेड की बात करें तो पेस्टल कलर के साथ मीनाकारी डिजाइन की सटल या मल्टी कलर ज्वेलरी बेस्ट नजर आएगी। हालांकि असल मीनाकारी डिजाइन काफी महंगा होता है, लेकिन इस तरह की मिलती-जुलती ज्वेलरी आपको मार्केट में कम दामों में मिल जाएगी।

## बीयर्ड को दें शेप आसानी से, मिलेगी तारीफ



शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जिसे घनी दाढ़ी और मूंछ रखना पसंद नहीं होगा लेकिन कई लड़के ऐसे होते हैं, जिनके सामने दाढ़ी ना निकलने की समस्या आती रहती है। ऐसे में कई युवा दाढ़ी की ग्रोथ को सही करने के लिए बाजारों में मिलने वाले तेल खरीद कर उसका इस्तेमाल करने लगते। इन तेलों में कई प्रकार का केमिकल पाया है। कई बार इनका उल्टा असर भी हो सकता है। ऐसे में इन तेलों को हमेशा सोच समझ के ही इस्तेमाल करना चाहिए।

अगर आपकी दाढ़ी सही से नहीं निकलती है तो आप रोज रात को सोने से पहले बादाम का तेल चेहरे पर लगाएं। अगर आपकी दाढ़ी हल्की है तो आप हल्के हाथ से दाढ़ी पर भी मसाज कर सकते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जोकि सही तरह से दाढ़ी निकलने में मदद करता है।

अगर आप टी ट्री ऑयल में थोड़ा सा कैस्टर ऑयल मिलाकर अपनी दाढ़ी पर लगाएंगे तो इसके इस्तेमाल के आपको कुछ ही दिनों में फायदा दिखने लगेगा।

अगर आप किसी तरह का तेल नहीं लगाना चाह रहे हैं तो आंवला और सरसों के पत्तों को साथ में मिलाकर पीस लें और बारीक पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी दाढ़ी घनी दिखेगी।

अगर आप चाहते हैं कि आपकी दाढ़ी की ग्रोथ अच्छी रहे तो समय-समय पर ट्रिमिंग कराना बेहद जरूरी होता है। ट्रिमिंग से दाढ़ी की शेप भी सही आ जाती है और ये देखने में भी अच्छी लगती है।

बायोटीन सप्लीमेंट्स के सेवन से ना सिर्फ दाढ़ी में बल्कि बालों की ग्रोथ में भी इजाफा होता है। ऐसे में किसी स्किन स्पेशलिस्ट की सलाह के बाद बायोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### फैशन सिर्फ चेहरे का ही नहीं होता, पैरों पर भी दीजिए ध्यान

## शादियों के मौसम में हील्स छोड़ लहंगे के साथ पहनें ऐसे जूते, देखते रह जाएंगे लोग

*देवउठनी के बाद शादियों का मुहूर्त लग चुका है। ऐसे में अपनी शादी में हर लड़की चाहती है कि वो सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए वो शादी तय होने के बाद से तैयारियां शुरू कर देती हैं। आज के समय लहंगे से लेकर हर एक चीज दुल्हन की पसंद की ही होती है। ऐसे में हर दुल्हन ये चाहती है कि वो अपनी शादी में खुलकर मौज-मस्ती कर पाए लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। दरअसल, शादी में हर लड़की काफी भारी-भरकम सा लहंगा पहनती है। ऐसे में इस लुक को पूरा करने के लिए हील्स ही पहनी जाती है। हील्स में जमकर डांस करना, और मस्ती करना संभव नहीं है। इसी के चलते आज के समय में दुल्हनों की पहली पसंद जूते बनते जा रहे हैं। हाल ही में कई अभिनेत्रियों ने भी अपनी शादी में लहंगे के साथ हील्स की बजाय जूतों को चुना था। यही वजह है कि आज के लेख में हम आपको ब्राइडल जूतों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं।*




### जूतों में लगवाएं मोती

अगर आप लाइट कलर के जूतों का चयन कर रहीं हैं तो उसको सजाने के लिए इसपर मोतियों का वर्क करा सकती हैं। इससे जूतों का लुक और ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### सिंपल स्नीकर्स को ऐसे बनाएं खास

आप चाहें तो किसी साधारण तरह के स्नीकर्स का चयन करके उसपर अपनी शादी की तारीख लिखवा सकती हैं। इससे ये काफी स्पेशल बन जाएगा।



### जूतों पर लगवाएं गोटा

सिंपल से जूतों पर आप इस तरह से गोल्डन रंग का गोटा लगवा सकती हैं। इस पर अगर आप कढ़ाई भी कराएंगी तो भी ये खूबसूरत लगेगा।

### सगाई की झलक दिखाएं

अपने सफेद रंग के जूतों पर आप सगाई की झलक दिखा सकती हैं। सफेद जूतों पर इस तरह का वर्क देखने में खूबसूरत लगेगा।



### मिरर वर्क भी रहेगा खास

अगर आप अपने स्पोर्ट्स शूज पर इस तरह से मिरर वर्क करवाएंगी तो इससे आपका लुक बेहद स्टाइलिश लगेगा। ऐसे जूते देखने में भी काफी क्लासी लगते हैं।

### लहंगे से करें मैच

अपने जूतों को इस तरह से कस्टमाइज कराकर आप इसे लहंगे से मैच कर सकते हैं। ये देखने में भी कमाल के लगते हैं।